

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



भूल भुलैया 2 पर बनी...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 07 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 258 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## मिशन 2024 में जुटे नीतीश, राहुल से 1 घंटे बात, कुमारस्वामी के कंधों पर हाथ और येचुरी–राजा के बाद अब केजरीवाल से भी की मुलाकात

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शमिशन दिल्लीश शुरू हो चुका है। सीएम नीतीश 5 सितंबर को दिल्ली पहुंचे और अगले तीन दिनों तक 2024 से पहले विपक्ष को एक करने के मिशन में जुट गए। सबसे पहले सीएम नीतीश ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। बैठक में दोनों नेताओं ने बिहार के अलावा राष्ट्रीय मुद्दों की रणनीति पर बात की। राहुल से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार से एचडी कुमारस्वामी मिलने पहुंचे। इस मुलाकात के दौरान भी जो तस्वीरें सामने आई उसमें नीतीश कुमार और एचडी कुमारस्वामी में बेहद गर्मजोशी दिखी। दोनों ही नेताओं के चेहरे से मुस्कान की झलक रही थी। आज नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे के दूसरे दिन भी राजनीतिक मेल–मुलाकातों का दौर चलता रहा। बिहार के



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीपीआई महासचिव डी राजा से नई दिल्ली में इंद्रजीत गुप्ता मार्ग स्थित पार्टी कार्यालय में मुलाकात की। इससे पहले सीएम नीतीश ने सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी से नई दिल्ली में गोल मार्केट स्थित पार्टी कार्यालय में भेंट की थी। सीताराम येचुरी ने नीतीश से मुलाकात के बाद कहा कि हमारा स्वागत है कि वे फिर यहां आए और ये देश के प्रति एक बेहतर संकेत दिया गया है। विपक्ष की पार्टियां को एक होकर देश के संविधान को बचाना है। पहला टास्क है सबको एकजुट करना। प्रधानमंत्री बनने की मेरी कोई इच्छा नहीं: नीतीश कुमार ने आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की है। नीतीश ने दिल्ली कूच करने से पहले और दिल्ली आगमन के बाद भी साफ किया कि प्रधानमंत्री बनने की उनकी कोई इच्छा नहीं है। बिहार मॉडल को पूरे देश में लागू करने के सवाल पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार मॉडल क्या है? हम तो पूरे देश का मॉडल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हमारी कोशिश है कि हम पूरे देश में जो भी स्थानीय पार्टी हैं वे एक साथ मिल जाए तो बहुत बड़ी बात होगी। पीएम पद के लिए मैं उम्मीदवार नहीं हूं, कोई दावेदारी भी नहीं है। विपक्ष को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

बता दें कि नीतीश कुमार के बीजेपी का साथ छोड़कर महागठबंधन के साथ जाने और बिहार में सरकार बनाने के बाद से ही ये अटकलों का दौर शुरू हो गया था। लगातार विरोधियों और कई राजनीतिक जानकारों की तरफ से दावा किया जाने लगा कि नीतीश अब 2024 के लिए प्रधानमंत्री पद को लेकर एक बार ट्राई मारना चाहते हैं।

## भारत-बांग्लादेश के बीच 7 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

### विदेश सचिव बोले– राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मिलेंगी शेख हसीना

नयी दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते नई ऊंचाईयों को छू रहे हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना करीब 3 साल बाद भारत की यात्रा पर आई हुई हैं, जहां पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक की और फिर अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इसी संबंध में विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा का बयान सामने आया है। 7



समझौता ज्ञापनों पर हुए हस्ताक्षर: समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बताया कि दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच राजनीति और सुरक्षा के संबंध में सहयोग, ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी, पानी को लेकर सहयोग, ट्रेड, व्यापार और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

## अनंतनाग में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, ईडी के दो आतंकियों को किया ढेर, सुरक्षाकर्मी की हत्या में था शामिल

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। आतंकवादियों के साथ जारी एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने मंगलवार को दो आतंकियों को ढेर कर दिया। इसके साथ ही सर्च ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि मारे गए आतंकी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन के थे और दोनों आतंकवादियों की पहचान भी हो चुकी है। हत्या में शामिल था आतंकी: एडीजीपी कश्मीर ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान दानिश भट उर्फ कोकब दुरी और बशारत नबी के रूप में हुई है। दोनों



प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े हैं। दोनों 9 अप्रैल, 2021 को एक सुरक्षाकर्मी की हत्या और 29 मई, 2021 को जबलीपोरा में दो नागरिकों की हत्या में शामिल थे। आपको बता दें कि अनंतनाग के पॉशक्रीरी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद एनकाउंटर शुरू हुआ था। इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों पर जमकर गोलियां बरसाईं, जिसका सुरक्षाकर्मियों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अनंतनाग जिले के पोशक्रीरि इलाके में आतंकवादध्यिों के छध्पि होने की सूचना मिली। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

## मेरठ के प्रमुख चौराहों पर चस्पा किए जाएंगे पूर्व मंत्री हाजी याकूब और बेटों के पोस्टर, गैंगस्टर की भी तैयारी

मेरठ। यूपी के पूर्व मंत्री और बसपा नेता हाजी याकूब कुरैशी पर शिकंजा और कसता जा रहा है। हाजी याकूब और बेटों को भगौड़ा घोषित करते हुए मेरठ में जगह–जगह उनके पोस्टर चस्पा करने की तैयारी पुलिस कर रही है। इसके साथ ही हाजी याकूब और उनके दोनों बेटों समेत सात लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की फाइल तैयार हो गई है। इस फाइल को एसएसपी के पास भेजा गया है। जल्द कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।हाजी याकूब कुरैशी के बेटे इमरान की खरखौदा के अलीपुर में मीट फैक्ट्री है। मीट फैक्ट्री पर पुलिस टीम ने 31 मार्च की रात दबिश दी और यहां से अवैध मीट पैकिंग पकड़ी गई। मामले में हाजी याकूब और दोनों बेटों, पत्नी समेत 17 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया। 10 लोगों की मौके पर गिरफ्तारी कर ली गई थी। हाजी याकूब और फिरोज, इमरान अभी तक फरार हैं। पुलिस सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। हाजी याकूब, फिरोज, इमरान, मैनेजर मोहित त्यागी समेत 7 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की फाइल खरखौदा पुलिस तैयार कर एसएसपी को भेजी गई है।

### सर्वे के खिलाफ बड़े जंग की तैयारी

## मदनी बोले: मदरसों का काम देश को एकजुट करना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा मदरसों की शिक्षा व्यवस्था को लेकर सर्वे कराने के निर्देश के विरोध में देश की राजधानी दिल्ली में जमीयत उलेमा ए हिंद की बैठक हुई। सर्वे को जमीयत ने सरकारी दखल बताया है। बैठक के बाद मौलाना महमूद मदनी ने बयान देते हुए कहा कि मदरसों का काम देश को एकजुट करना है। इसके साथ ही सर्वे को लेकर कटाक्ष भी किए गए। मदनी ने कहा कि बिना सरकारी मदद के ये तमाम मदरसे चल रहे हैं। हम इस मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं। मदरसों के मोहतमिन का भी इस बैठक में जुटान हुआ। इसमें उन्होंने अपनी समस्याएं रखीं। जिसमें कहा गया कि जब सरकार सर्वे करने आएगी तो इनमें कई सारे ऐसे मदरसे हैं जिनके पास





फंडिंग का कोई ट्रेल नहीं है। कई बार लोकल फंडिंग होती है, परिवार के लोग दे जाते हैं, जकात का हिस्सा मिलता है। वो हिसाब किताब कभी रखे नहीं गए क्योंकि सरकार उसमें कोई अनुदान देती नहीं है। वो क्युनिटी लेवल पर चलाते हैं। इसके अलावा कई जगहों पर जमीनें दान में मिली हैं तो वहां जमीनों का हिसाब किताब नहीं है। ऐसे में कहा जा रहा है कि हमें कागत जुटाने का समय ही नहीं मिला। इसके अलावा असम में आतंकी गतिविधियों के नाम पर कार्रवाई हुई। लेकिन मदरसों को तोड़ा गया बिजली कनेक्शन के अवैध होने आदि के नाम पर। ऐसे में उन्हें शक है कि सर्वे के नाम मदरसों के नाम पर मदरसों को टारगेट करने की कोशिश तो नहीं की जा रही है। तमाम बातों के बाद जमीयत ने तय किया है कि आगामी 22 तारीख को दारुउलेम देवबंद में एक बड़ी बैठक बुलाई गई। वहां अगली रणनीति तय होगी। बता दें कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार मदरसों का सर्वे करवा रही है। सर्वे के दौरान गैर सरकारी मदरसों में मौजूद मूलभूत सुविधाओं की स्थिति जांची जाएगी। पिछले हफ्ते यूपी सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने इस फैसले की घोषणा की थी।

## अयोध्या में मां कामाख्या समेत यूपी में 4 नई नगर पंचायतों को मंजूरी

लखनऊ। सीएम योगी आदित्ध्यनाथ की अध्ध्यक्षता में मंगलवार को हुई यूपी कैबिनेट की बैठक में 4 नई नगर पंचायतों के गठन सहित नगर विकास विभाग के 12 प्रस्ध्तावों पर मुहर लगा दी। इनमें अयोध्ध्या में मां कामाख्ध्या नगर पंचायत का गठन, फर्रुखाबाद के कांपित तक सीमा विस्ध्तार, संकिसा को नगर पंचायत बनाने और देवरिया और अलीगढ़ नगर निकाय के सीमा विस्ध्तार का फैसला शामिल है। कैबिनेट बैठक में 19 सितंबर से विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू करने का निर्णय लिया गया। अलीगढ़ नगर निगम समेत 8 नगर निकायों के सीमा विस्ध्तार के प्रस्ध्तावों पर मुहर लगी है। अब कुल 756 नगर निकाय हो गए हैं। कैबिनेट बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि कीट रोग नियंत्रण के लिए योजना को मंजूरी दी गई है। योजना के तहत 2022–23 से 2026–27 तक 192 करोड़ 57 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। खरपतवार रोग नियंत्रण योजना के तहत 192 करोड़ राशि के जरिए 24 करोड़ किसानों को लाभ दिया जायेगा। कैबिनेट ने इसे भी स्ध्वीकृति दी। कैबिनेट की बैठक में गृह, औद्योगिक विकास और अवस्थापना के कई प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए भी कुछ विभागों की नीतियों के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।



## राजपथ का नाम बदलने पर शुरू हुई राजनीति, टीएमसी सांसद ने कहा– पीएम के नए आधिकारिक निवास का नाम होगा किंकर्तव्यविमूढ़ मठ

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित राजपथ का नाम बदलकर शकार्तव्य पथश करने की केंद्र सरकार की योजना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री के नए आधिकारिक आवास का नाम शकिंकर्तव्यविमूढ़ मठश होगा।, जिसका शाब्दिक अर्थ है शघबराया हुआ। बता दें कि इंडिया गेट सी–हेक्सागन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा से राष्ट्रपति भवन तक की सड़क और क्षेत्र को कथित तौर पर कार्तव्य पथ के रूप में जाना जाएगा। ब्रिटिश शासन के दौरान राजपथ को किंग्सवे के नाम से जाना जाता था। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी आठ दिसंबर की शाम पूरे क्षेत्र का उद्घाटन करेंगे। टीएमसी सांसद ने ट्वीट कर कहा कि मेरा मानना छ्छ्छ्है कि वे राजपथ का नाम बदलकर कार्तव्य पथ कर रहे हैं। ष्मुझे उम्मीद है कि वे नए प्रधानमंत्री के आवास का नाम किंकर्तव्यविमूढ़ मठ रखेंगे।ष महुआ ने ट्वीट किया, यह क्या हो रहा है? क्या भाजपा ने हमारी संस्कृति को बदलने का अपना एक मात्र कर्तव्य बना लिया है। क्या उनके महापाप और पागलपन में हमारी विरासत का इतिहास फिर से लिखा जाएगा? कृष्णानगर के लोकसभा सदस्य ने सुकुमार रे के हाजाबराला का एक अंश भी साझा किया, जिसे बंगाली साहित्य के अंश को साझा करते हुए कहा कि बच्चों के उपन्यासों में हर चीज को अजीब नाम दिया जाता था। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत प्रधानमंत्री आवास को मौजूदा साउथ ब्लॉक के पीछे शिफ्ट किया जाएगा।









## देशभर में 30 से अधिक स्थानों पर ईडी की छापेमारी, सिसोदिया बोले– CBI को कुछ नहीं मिला तो ईडी पीछे लगा दी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली सरकार की अब रद्द की गई शराब नीति के संबंध में शुरू की गई मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में देश भर में 35 स्थानों पर तलाशी ले रहा है। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव, मुंबई, चेन्नई, चंडीगढ़ और जालंधर में विभिन्न स्थानों पर तलाशी चल रही है। उन्होंने कहा कि तलाशी वर्तमान में दिल्ली सरकार द्वारा समाप्त की गई आबकारी नीति के तहत लगे विभिन्न विक्रेताओं, वितरकों और बिचौलियों पर दबिश बना रही है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ईडी की कार्रवाई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा किए जा रहे अच्छे काम को रोकने के प्रयास का हिस्सा बताया हैं। पत्रकारों से बात करते हुए सिसोदिया ने कहा कि पहले सीबीआई ने छापेमारी की उन्हें कुछ नहीं मिला। अब ईडी छापेमारी कर रहा है, उन्हें भी कुछ नहीं मिला है। सिसोदिया ने कहा कि वे केवल स्कूलों के और ब्लूप्रिंट ढूंढेंगे। आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ईडी ने मनीष सिसोदिया को भी क्लीन चिट दे दी है। उन्होंने कहा, ष्ईडी कई जगहों पर छापेमारी कर रहा है लेकिन वह मनीष सिसोदिया के आवास पर छापेमारी करने नहीं आया। भारद्वाज ने कहा कि ऐसा इसलिए था क्योंकि उन्हें पता था कि छापेमारी में कुछ नहीं मिलेगा, इसलिए उन्होंने कोई छापेमारी नहीं की। सीबीआई के बाद ईडी ने छापेमारी की। अब सिसोदिया को भी क्लीन चिट दे दी है। सीबीआई की प्राथमिकी में जिन लोगों को आरोपी बताया गया है और उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। वर्तमान में आप के किसी नेता की तलाशी नहीं ली जा रही है। सूत्रों ने बताया कि तलाशी की गई जगहों में इंडोस्पिरिट ग्रुप के प्रबंध निदेशक समीर महेंद्रू का जोर बाग आवास है, जो इस मामले में आरोपी है।



# उदासीनाचार्य आत्मनिष्ठ दृढ़ संकल्प योग साधाना व पारदर्शिता के धनी: डॉ. भरत दास

## –संगत उदासीन ऋषि आश्रम रानोपाली मंदिर सनातन धर्म की धरोहर

अयोध्या। उदासीन संप्रदाय के संस्थापक भगवान श्री चंद्र जी का पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार व प्रसार में समर्पित रहा। उनके द्वारा उदासीन आश्रमों का शिलान्यास करके सनातन धर्म को नई गति देने का प्रयास किया गया। अयोध्या में स्थापित संगत उदासीन ऋषि आश्रम जो कि सनातन धर्म की धरोहर हैं। यहां पर सनातन परंपरा को प्रफुल्लित धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन गुरुकुल प्रथा को जीवित रखने व समाज की सेवा के कार्य किए जा रहे है। 5 सितंबर यानी आज भगवान श्री चंद्र जी का 528वां जयंती महोत्सव मनाया गया। बाबा संगत बक्स की तपोस्थली उदासीन ऋषि आश्रम के युवा महंत डॉ भरत दास ने बताया कि श्री चंद्र भगवान का प्रकाशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले आश्रम की परंपरा के अनुसार अभिषेक पूजन अर्चन किया गया। श्री दास ने बताया की उदासीनाचार्य भगवान श्री चंद्र महाराज का जन्म प्रादुर्भाव भाद्रपद शुक्ल नवमी विक्रम संवत 1551 में माता सुलक्ष्णा के गर्भ से गुरु नानक जी के पुत्र के रूप में जन्म लिया था। श्री चंद्र जी महाराज आत्मनिष्ठ दृढ़ संकल्प योग साधाना व पारदर्शिता के धनी थे। भगवान श्री चंद्र महाराज ने जन कल्याणार्थ अनेक रचनाएं की हैं। श्री भरत दास ने बताया की अयोध्या में श्री चंद्र भगवान की ही प्रेरणा से पूरा आश्रम पुष्पित पल्लवित हो रहा है और आज उनकी 528 वी जयंती उत्सव मनाया जा रहा है। महंत डा भरत दास ने कहा कि श्रीचंद्र भगवान ने भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिये शैव, वैष्णव, शाक्त, सौर तथा गणपत्य मतावलंवियों को संगठित कर पंचदेवोपासना की प्रतिष्ठा की। उन्होंने कहा कि उदासीनाचार्य जी वैदिक कर्मकाण्ड के पूर्ण समर्थक थे। उन्होनें ज्ञान–भकित के समुच्चय सिद्धांत को प्रतिपादित किया। उन्होनें करामाती फकीरों, सूफी संतों, अघोरी तांत्रिकों और विधर्मियों को अपनी अलौकिक सिद्धियों और उपदेशों से प्रभावित कर वैदिक धर्म की दीक्षा दी। बाह्याडम्बर, मिथ्याचार अवैदिक मत–मतान्तरों, पाखंडों का खंडन कर श्रुति–स्मृति सम्मत आचार–विचार की प्रतिष्ठा की। भावात्मक एवं वैचारिक धरातल पर जीव मात्र की एकता का प्रतिपादन किया। जाति–पांति, ऊँच–नीच, छोटे–बड़े के भेदभाव को समाप्त कर मानव मात्र की मुकित की राह दिखाई।

# घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत जेवरात किए पार

## –पुलिस एक युवक से कर रही पूछताछ

मिल्कीपुर–अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावासूफी गांव में ताला तोड़कर नगदी जेवरात व राशन समेत लाखों रुपए की चोरी का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है, बताया गया कि परिजन भीषण गर्मी से तंग आकर घर के बाहर सो रहे थे और चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखा सामान पार कर दिया चोरी की इस घटना में घर में झाड़ू तक नहीं बचा है ,सुबह परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो वह सन्न रह गए।मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव निवासी कमलेश पुत्र बड़कू ने डायल 112 पर फोन कर मामले की सूचना दी ।

पुलिस टीम के पहुंचने के बाद जब मामले की जांच पड़ताल शुरू हुई तो गांव के ही एक व्यक्ति को शंका के आधार पर पुलिस ने उठा लिया पुलिस सूत्रों का कहना है, कि मामले में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा । गृहस्वामी कमलेश पुत्र बडकू की पत्नी के अनुसार उसकी पायल, बिछिया, कील, मेहंदी हार, झुमकी समेत चार बोरी गेहूं और 1 बोरी सरसों भी चोर उठा ले गए पी आर वी 112के सिपाही सुधांशु यादव ने गिरे हुए भूसे को देखकर संदिग्ध की पहचान की है, और उसे अपने साथ ले गए ग्रामीणों का कहना है कि संदिग्ध के पास ही माल की बरामदगी हो जाएगी परिजनों के अनुसार चोरी की घटना में दो से 3 लोग शामिल बताए गए हैं, क्योंकि भूसे मे रखी गेहूं की बड़ी बोरियों को निकालना और उसके बाद उसे ठिकाने लगाना एक आदमी के बस की बात नहीं है फिलहाल पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल कल तक मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

## –मुख्य गेट पर बैठकर एडीएम प्रशासन ने किसानों की समस्याओं का किसा समाधान

अयोध्या। अनिश्चितकालीन धरने के 19वे दिन धरना स्थल तिकोनिया पार्क में आयोजित किसान महापंचायत में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समस्या समाधान ना करने के कारण आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट का घेराव किया और कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर जमीन पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन उप जिलाधिकारी सदर को बैठाकर बिंदुवार 1 –1 समस्याओं पर चर्चा किया जिसमें राजस्व संबंधी कई समस्याओं का समाधान अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने किया और मुख्य सचिव को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

ज्ञातव्य है कि भारतीय किसान यूनियन द्वारा 18 अगस्त 2022 से तिकोनिया पार्क सदर तहसील के सामने अनिश्चितकालीन धरना चलाया जा रहा था जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक भी समस्या का समाधान नहीं किया गया था जिसके कारण आज किसान महापंचायत का आयोजन किया गया था महापंचायत में भारी संख्या में किसान महिलाएं व वृद्ध मौजूद थे 3:30 बजे तक प्रशासनिक अधिकारियों के पंचायत में ना आने के कारण भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता पदाधिकारी काफी आक्रोशित हो गए और शासन –प्रशासन विरोधी नारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर पहुंच गए और मुख्य मुख्य द्वार पर बैठकर मार्गों को जाम करते हुए पंचायत शुरू कर दिया जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रशासन व उप जिला अधिकारी सदर ने बैठकर बिंदुवार समस्याओं को सुना प्रदर्शन में मौजूद भारी पुलिस बल कई बार भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को रोकने का प्रयास किया परंतु भारी भीड़ में पुलिस बल को धत्ता बताते हुए और किनारे करते हुए कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर पहुंच गए।

प्रदर्शनकारियों में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के अलावा जिला अध्यक्ष सूर्यनाथ वर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भागीरथी वर्मा जिला उपाध्यक्ष गण शंकर पाल पांडे, रंजीत गोरी, जिला कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद वर्मा, जिला सचिव पंकज सिंह दशरथ सिंह मोहम्मद अली मोहम्मद इस्लाम तहसील अध्यक्ष राजेश मिश्रा संतोष वर्मा रवि शंकर पांडे रामगोपाल मौर्य शिवराम शर्मा महेंद्र वर्मा जगदीश यादव प्रेम शंकर वर्मा रामू चंद विश्वकर्मा रामसुमेर भारती बाबूराम तिवारी राजदेव यादव राजकुमार यादव भोला सिंह टाइगर डॉ राम शकल वर्मा उर्मिला निषाद जगन्नाथ पटेल कुसुम रावत जमुना रावत शांति मोरिया राजकुमारी देवी आदि कई सौ कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे

# लम्पी स्किन डिजीज के प्रकोप एवं प्रसार से करें बचाव: मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 आर0बी0 सिंह ने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज एक विषाणुजनित रोग है। रोग में पशु को तेज बुखार, आंख व नाक से पानी गिरना, पैरों में सूजन, पूरे चपटी गांठ आदि प्रकार के लक्षण पाये जाते है। कभी–कभी संपूर्ण शरीर की चमड़ी विशेष रूप से गर्दन, थूथन, थनों, गुदा व अंडकोष या योनिमुख के बीच के भाग पर गांठो के उभार बन जाते है। कभी भी पूरा शरीर गांठो से ढक जाता है। गम्भीर रूप से प्रभावित जानवरों में नैकोटिव घाव, श्वसन और जठतंत्र में भी विकसित हो जाते है। स्वसन पथ में घाव होने से सांस लेने में कठिनाई होती है, पशुओ का वजन घट जाता है, शरीर कमजोर हो जाता है एवं अत्याधिक कमजोरी से पशु की मृत्यु भी हो सकती है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो सकता है, दुधारु गायों में दुग्ध उत्पादन काफी कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि रोग प्रकोप के समय सावधानी बरतें। क्षेत्र के निकटतम पशु चिकित्साधिकारी को सूचित करें। प्रभावित पशुओं का आवागमन प्रतिबन्धित करें। पशुओं को सदैव साफ पानी पिलायें। पशु के दूध को उबाल कर पियें। पशुओं को मच्छरों मक्खियों, किलनी आदि से बचाने हेतु पशुओं के शरीर पर कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें। पशुवाड़े और पशु खलिहान की फिनायलध्सोडियम हाइपोक्लोराइट इत्यादि का छिड़काव कर उचित कीटाणु शोधन करें। बीमार पशुओं की देखभाल करने वाले व्यक्ति को भी स्वस्थ पशुओं के बाड़े से दूर रहना चाहिए। पहले स्वस्थ पशुओं को चारा व पानी दें, फिर बीमार पशुओं को दें। बीमार पशुओं को प्रबन्धन करने के पश्चात् हाथ साबुन से धोयें। उन्होंने कहा कि सामूहिक चराई के लिए अपने पशुओं को ना भेजे। पशु मेला एवं प्रदर्शनी में अपने पशुओं को न भेजें। बीमार एवं स्वस्थ पशुओं को एकसाथ चारा–पानी न करायें। प्रभावित क्षेत्रों से पशु खरीद कर न लायें। यदि किसी पशु की मृत्यु होती है, तो शव को खुले में न फेंके एवं वैज्ञानिक विधि से दफनायें। रोगी पशु के दूध को बछड़े को न पिलायें। उन्होंने कहा कि सतर्कता से लम्पी स्किन डिजीज के प्रकोप से बचाव किया जा सकता है।

# एलआईसी अभिकर्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

अयोध्या। ऑल इंडिया फोरम देवकाली पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों व जी पॉइंट एक्शन कमेटी के आव्हान पर देवकाली शाखा के समस्त अभिकर्ता और पदाधिकारियों ने विश्राम दिवस मनाया इसके साथ साथ एलआईसी मेन ब्रांच बेनीगंज में भी पदाधिकारियों ने कार्य बहिष्कार कर विश्राम दिवस मनाया। देवकाली शाखा के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि हम आज अपनी कई मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे हैं जिसमें प्रमुख रुप से पॉलिसी धारकों से पॉलिसी रेट पर अधिक ब्याज, पॉलिसी प्रीमियम पर जीएसटी हटाई जाए इसके साथ साथ पॉलिसियों पर बोनस बढ़ाया जाए आदि । वही एलआईसी मेन ब्रांच संगठन के महामंत्री अंजनी कुमार श्रीवास्तव एलआईसी के पदाधिकारी आज पूरे प्रदेश में विश्राम दिवस मना रहे उच्च अधिकारियों से हम यही अपील करते हैं कि जल्द से जल्द हमारी मांगों को पूरा करें अन्यथा हमारे कार्य बहिष्कार का कार्यक्रम 31 अक्टूबर तक चलता रहेगा।

# गणेश चतुर्थी के छठे दिन भंडारे का हुआ आयोजन

अयोध्या। नाका हनुमानगढ़ी के निकट रोहिताश चंद्र राजू द्वारा गणेश चतुर्थी के छठे दिन भगवान गणेश का भव्य भंडारा आयोजित किया गया भंडारे का शुभारंभ नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास जी, केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल और क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके और भगवान गणेश के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया नगर में आए हुए श्रद्धालुओं को छोला चावल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अल्केश दत्त पाठक के साथ केंद्रीय समिति के गगन जायसवाल, सुप्रीत कपूर, विवेक साहू, रविंद्र यादव, अंकुश गुप्ता, अखिलेश पाठक, अंश कुमार, गब्बर यादव, सार्थक जयसवाल, आयुष, कुणाल पंडित, अनूप सिंह, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# सीएमओ के निरीक्षण में गायब मिले चिकित्सक

अयोध्या। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजय राजा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मया और गोसाईगंज का निरीक्षण किया। दोनों सीएचसी पर सीएमओ को एक दृ एक चिकित्सक नदारद मिले। सीएमओ ने गैरहाजिर डाक्टरों से जवाब तलब किया है। इसके अलावा उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस का भी निरीक्षण किया।सीएमओ सीएचसी मया बाजार और गोसाईगंज पहुंचे। मरीजों से इलाज, दवाओं और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने लोगों से स्टॉफ के व्यवहार के बारे में भी पूछा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों सीएचसी अधीक्षकों को व्यवस्था में सुधार के लिए निर्देश दिया। दवाओं की उपलब्धता और जांच आदि को लेकर निर्देश दिए। उन्हें सीएचसी मया बाजार में डा विनोद कुमार और सीएचसी गोसाईगंज में डा अंशुमान गुप्ता अनुपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने काफी नाराजगी जताई और सीएचसी अधीक्षक को अनुपस्थित चिकित्सकों का स्पष्टीकरण लेने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने पोस्टमार्टम हाऊस का भी निरीक्षण किया।

# टिकट काउंटर के लिये सांसद को सौंपा ज्ञापन

सोहावल–अयोध्या। दि आयुष्मान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने अयोध्या सांसद लल्लू सिंह को सोहावल रेलवे स्टेशन पर यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट न मिल पाने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा। कोरोना काल में यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रेनों का टिकट मिलना बंद हो गया हैस सिर्फ सुबह के समय टिकट दिया जाता है सजिससे बड़ी समस्या खड़ी हो गयी हैस जनहित को ध्यान में रखते हुये बंद काउंटर को पुनः चलवाने के लिये दि आयुष्मान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सांसद से मिलकर ज्ञापन सौंपा है।

# नई शिक्षा नीति से कृषि शिक्षा में होगा बदलाव : सूर्य प्रताप शाही

## नैक मूल्यांकन के प्रस्तुतिकरण पर राज्यपाल व्यक्त की थी खुशी

मिल्कीपुर–अयोध्या। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। शिक्षा कभी किताबी नहीं होनी चाहिए। छात्रों को ऐसी शिक्षा मिले जिससे की छात्रों का संपूर्ण विकास हो। सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से छात्रों के भविष्य में बहुत बदलाव आएगा। यह बातें शिक्षक दिवस के अवसर पर कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। पर्यावरण की जमकर सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के स्वरूप में तेजी से विकास हुआ है। शाही ने कहा कि राजभवन में हुए नरेंद्र देव कृषि विवि के नैक मूल्यांकन के प्रस्तुतिकरण पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने खुशी व्यक्त की है और नैक मूल्यांकन में ए+ ग्रेड मिलने का भरोसा दिलाया। उन्होंने विश्वविद्यालय पर भरोसा जताते हुए कहा कि नैक मूल्यांकन में विश्वविद्यालय ए++ ग्रेड हासिल करेगा। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि के पूर्व कुलपति डा. एन.सी गौतम ने कहा कि गुरु को भी समय–समय से अपने जीवन में परिवर्तन लाने की जरूरत है। छात्रों के लिए शिक्षक हमेशा आईने का काम करता है। मेहनत व लगन से किसी भी ऊंचाई को छूआ जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कृषि मंत्री की शान में कसीदे पढ़े। उन्होंने कहा कि जो भी भर्तियां की गई हैं उसमें पूरी तरह से पारदर्शिता बरती गई है और आगे भी पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ नियुक्ति होगी। उन्होंने अपने कार्यकाल में विश्वविद्यालय की कई उपलब्धियों को गिनाया। इससे पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालयके कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कुलगीत प्रस्तुत कर छात्र–छात्राओं ने एक के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांध दिया। इस दौरान कृषि मंत्री ने विश्वविद्यालय के 10 शिक्षकों को उत्तम कार्य के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगता में सफलता हासिल करने पर छात्र प्रशांत तिवारी, संतोष कुमार व आशीष त्रिपाठी को कृषि मंत्री ने सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन निदेशक प्रसार डा ए पी राव ने किया।

# शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए शिक्षक

फिरोजाबाद । शिक्षक दिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिक्षकों को सम्मानित किया गया साथ ही लखनऊ से मुख्यमंत्री के राज्य शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का सजीव प्रसारण को देखा गया शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद डॉ चंद्र सेन जादौन, विधायक सदर मनीष असीजा मौजूद रहे। शिक्षक दिवस के अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोजेक्टर के माध्यम से सजीव प्रसारण देखा व सुना गया।राज्य शिक्षक पुरस्कार 2022 के लिए चयनित किए गए प्राथमिक विद्यालय लालई विकासखंड खैरागढ़ से सहायक अध्यापक संजय कुमार यादव को क्षेत्रीय सांसद डॉ चंद्र सेन जादौन व विधायक सदर मनीष असीजा व जिलाधिकारी रवि रंजन ने सम्मानित किया।

# पीड़ित मजदूर ने लगाया अरोप कोतवाली पुलिस ने पीट–पीटकर जबरन अंगूठा लगवाया

## .पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

घनश्याम मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एक तरफ जहां सरकार किसानों मजदूरों नौजवानों के हित में उन्हें रोजगार देने के बावत अनेकों प्रयास कर रही है तो वही बलरामपुर की पुलिस मजदूरों पर अकारण तुगलकी फरमान जारी कर अंग्रेजों जैसा बर्बर व्यवहार करने से बाज नहीं आ रही उन्हें आज भी अंग्रेजों की तरह गरीब मजदूर काले ही नजर आते हैं बताते चलें की घटना ग्राम गनेशपुर कोड़री के भट्ठा मजदूर की है जिसे अकारण पुलिस भट्टे के दलाल के इशारे पर गांव से थाने ले आई और थाने पर उसके इशारे पर लात घुसा से तब तक मारती रही जब तक कि वह गिर नहीं गया इस बीच उक्त मजदूर से दस हजार रुपए जिसे समझौता कराने के नाम पर मंगवाया गया



था उसे भी ले लिया और एक सादे कागज पर स्वयं मनमाने तरीके से लिखकर उक्त मजदूर व एक गवाह जिसका नाम रामनरेश था से अंगूठा लगवा लिया और कहां अब तुम्हें एक लाख रुपए देने पड़ेंगे नहीं तो तुम्हारे बीवी बच्चों को यही उठा लाएंगे इस बाबत जब पीड़ित विनोद कुमार से बात की गई तो उसने बताया कि मैंने 15 हजार ईट पाथने के एवज में एडवांस लिया था एडवांस इस शर्त पर लिया था कि 50 हजार जब हमें आप देंगे तभी हम आपका काम कर पाएंगे इस बीच उन्होंने हमको पैसा नहीं दिया जिससे प्रार्थी दूसरे के यहां पैसा लेकर काम करने चला गया यह घटना पिछले वर्ष की है जिसको लेकर विपक्षी ने दिनांक 5 , 9,2022 को एक फर्जी प्रार्थना पत्र देकर हैरान व परेशान करने के नियत से दिया पीड़ित ने पुलिस से अपने जानमाल को गंभीर खतरा बताया इसके लिए उसने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है

# महंथ जन्मेजय शरण न गणेश उत्सव में किया आरती पूजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। सिद्धार्थनगर छावनी के चौकड़ी टोल प्लाजा पर गणेश



उत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें छठवे दिन सोमवार को चौकड़ी टोल प्लाजा पर मुख्य अतिथि रसिक पीठाधीश्वर महंथ जन्मेजय शरण महाराज जानकी घाट बड़ास्थान अयोध्या जी व विशिष्ट अतिथि सीओ हरैया शेषमणि उपाध्याय द्घारा सायंकाल गणेश उत्सव में विधि विधान से भगवान गणेश का पूजन व आरती किया गया गया श्रदालु पूरे पंडाल में गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया से जयघोष से गुजायमान हो गया चौकड़ी टोल प्लाजा के प्रबंधक बंडू हिवराले ने महंथ जन्मेजय शरण महाराज को अंग बस्त्र देकर आर्शीवाद लिया मुख्य अतिथि महंथ जन्मेजय शरण ने राम राम के धुन से पूरे पंडाल को भक्ति मय कर भगवान राम के जीवन पर अमृतबर्षा किया तथा कहा है कि राम का नाम ही धर्म है सनातन धर्म हम सब सर्वे भवन्तु तू सुखिना पर कार्य करते है अयोध्या का दृश्य पुनः त्रैतायुग जैसा दिखाई पड़ने लगा क्योकि भगवान राम का दिव्य भव्य रामजन्मभूमि बन रहा इस क्रम में बालाजी सरकार जागरण ग्रुप द्वारा गायक सुखदेव मल्होत्रा द्घारा गणेश वंदना किया गया तथा भजन गायक धीरज, राजन आदूजा व अश्वनी साहू द्वारा मध्यरात्रि तक गणेश उत्सव में भजन संगीत का कार्यक्रम चलता रहा । इस मौके सहायक टोल प्रबंधक ,इंद्र भूषण तिवारी, सुमित भण्डारी ,अतुल सिंह ,मोतीलाल सोनी ,विहिप के पं० कैलाश शर्मा, रामराज तिवारी सहित कई दर्जन टोल प्लाजा कर्मी सहित स्थानीय लोग शामिल रहे

# राष्ट्रीय दिवस के दिन नेपाल मे मानव तस्करी के प्रति गोष्ठी का हुआ अयोजन

## मर्यादपुर नेपाल के यशोधरा गांव पालिका मे बालिकाओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़/सिद्धार्थ नगर। मानव तस्करी के खिलाफ सोमवार को शान्ति पुर्नास्थापना गृह की ओर से यशोधरा गांव पालिका मर्यादपुर से इंडो नेपाल खुनुवा बार्डर से प्रहरी चौकी मर्यादपुर तक जागरूकता अभियान चलाया गया। मानव तस्करी में लिप्त किसी भी संदिग्ध को इंडो नेपाल खुनुवा,मर्यादपुर बार्डर मे देखने पर तत्काल इसकी शिकायत शान्ति पुर्नास्थापना गृह,एपीएफ, प्रहरी चौकी, एसएसबी,मानव सेवा संस्थान से करने की अपील की गई। नेपाल में राष्ट्रीय मानव दिवस के अवसर पर एपीएफ कमांडर संतोष अधिकारी ने बताया कि बालिकाओं को जागरूक होना जरुरी है।किसी के प्रेम जाल मे फंसकर अपना घर परिवार छोड़ने से बचे। मानव तस्करी, बाल शोषण और बाल मजदूरी को रोकने के लिए जागरूक होना जरूरी है। मोहित मिश्रा कार्यक्रम संयोजक यशोधरा गांव पालिका ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही मानव तस्करी के खिलाफ भी अभियान शुरू कर दिया जाय।

तस्करी के लिए अपने साथ बच्चों और महिलाओं को ले जा रहे किसी भी संदिग्ध को देखने पर लोगों को तत्काल इसकी शिकायत सुरक्षा बलों व सीमा पर शान्ति पुर्नास्थापना गृह व मानव सेवा संस्थान से करने की अपील की गई है।इसके अलावा सुरक्षा, महिलाओं, बालिकाओं से संबंधित अपराध, महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के बावत जागरूक किया।नेपाल प्रहरी चौकी मर्यादपुर धर्मराज भण्डारी ने बताया कि मानव और बाल तस्करी को रोकने के लिए समाज व अभिभावक की भूमिका अहम है। मानव तस्करी पर नियंत्रण होने से बाल श्रम पर भी रोक संभव है। मानव तस्करी पर रोक के लिए समाज को आगे आने की जरूरत है। अभिभावक, समाज व सीमा पर कार्य करने वाले एनजीओ सुरक्षा बल की सहयोग ईमानदारी से करे तो मानव तस्करी रोका जा सकता है लगातार मानव तस्करी अभियान चलाया जाए और मानव तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ आवाज उठाई जाय। मानव तस्करी को खत्म करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

कार्यक्रम का संचालन नेपाल एनजीओ पीआरसी इंचार्ज मर्यादपुर सुनीता केसी के द्वारा किया गया।इस दौरान यशोधरा गांव पालिका वार्डा अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश दूवे, मोहित मिश्रा, कृष्ण नाथ पाण्डेय, एपीएफ कमांडर संतोष अधिकारी, प्रहरी चौकी मर्यादपुर एसआई धर्मराज भण्डारी, सशस्त्र सीमा चौकी खुनुवा इंचार्ज मीटिंग लाल,नेपाल एनजीओ पीआरसी के सुनीता केसी, उषा आचार्य, कल्पना क्षेत्री, मानव सेवा संस्थान के खुनुवा प्रभारी राम नरेश यादव, सोनम मोदनवाल, प्लान इण्डिया से हरिकेश द्विवेदी, समाजसेवी परमात्मा पाठक,मालती, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।







# गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी विषयक पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर में भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सिद्धार्थनगर के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनाँक 06 सितंबर 2022 दिन मंगलवार को महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बालमुकुंन्द पांडेय राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, सारस्वत अतिथि प्रो हरीश कुमार शर्मा अधिष्ठाता कला संकाय सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो अरविंद कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डॉ सच्चिदानंद चौबे इतिहास विभाग सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर की महती उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्ज्वलन तथा छात्रा खुशी निधि प्रतीक्षा अर्पिता एवं प्रज्ञा द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से प्रारम्भ हुआ। स्वागत–सत्कार के क्रम में मंचासीन अतिथियों को बैज, मोमेंटो एवं अंगवस्त्रम से स्वागत हुआ। कार्यक्रम के शैक्षणिक सत्र में विशिष्ट अतिथि एवं बीज वक्ता डॉ सच्चिदानंद चौबे ने बताया कि वर्तमान इतिहास अजनबियों द्वारा लिखा गया इतिहास है तथा भारतीय सिद्दांतो की अवहेलना करते हुए लिखी गई तथा वास्तविकता से दूर रही है और अपमानित करने वाले तथ्यों को जानबूझकर रखा गया है। सारस्वत अतिथि प्रो हरीश शर्मा ने बताया कि साहित्य और इतिहास एक दूसरे का पूरक होता है तथा अपने अतीत और पूर्वजों का स्मरण करना हमारी सभ्यता और संस्कृति रही है। इसी क्रम में शोहरतगढ़ के स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी स्व श्री सत्य नारायण रूंगटा के पौत्र राजेन्द्र रूंगटा एवं प्रपौत्र आकाश रूंगटा को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सम्मानित किया या। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बाल मुकुंद पांडेय ने अपने उदबोधन सेएऐसा सम्मोहित किया कि सभी श्रोता मंत्र मुग्ध होकर उनके उद्‌बोधन में खुद को इतिहास के काल खंड का पात्र बन बैठा। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के गुमराह करने वाले तथ्यों की बहुत ही सम्यक विवेचना करते हुए श्रोताओं के रगो में जोश भर दिया। कार्यक्रम के अंत में अपने अध्यक्षीय एवं धन्यवाद संबोधन में प्राचार्य प्रो अरविंद कुमार सिंह ने सभी के परि धन्यवाद एव आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ ए के सिंह ने किया।इस अवसर पर लगभग 50 रजिस्ट्रेशन हो चुके थे।इस सेमिनार में कै मुकेश, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डा रामकिशोर सिंह, डॉ ज्योति सिंह, प्रियंका चंद्रा, वी के सिंह, प्रवीण कुमार, रमेश, देवेन्द्र तथा भारी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रही






## नोडल अधिकारी ने किया परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश
बांसी। सरकार द्वारा में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से बांसी–बस्ती रोड पर करही शुक्ल स्थित कम्पोजिट अपर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे जनपद के नोडल अधिकारी एस वी एस रंगा राव (न्यायिक) राजस्व परिषद,ने अध्यापकों व छात्रों से शिक्षा व व्यवस्था के बावत पूंछ– ताछ कर जायजा लिया! मंगलवार लगभग 12रू45 बजे करही विद्यालय पर पहुचे नोडल अधिकारी ने अध्यापकों व छात्रों की संख्या पूंछा, बताया गया कि विद्यालय में दो शिक्षामित्रों सहित कुल आठ शिक्षकों की तैनाती है! कक्षा 6 में 45 बच्चों में से कुछ बच्चे अनुपस्थिति रहे! इंग्लिश मीडियम के अपर प्राथमिक विद्यालय की छात्रा से इंग्लिश की किताब पढ़ने को कहा गया तो नहीं पढ़ पाई! अलबत्ता हिन्दी में पढकर सुनाया! कक्षा 7 में 26 में 16 छात्र उपस्थित रहे! बताया गया कि कक्षा 8 में मात्र 7 बच्चों का नामांकन है उसमें भी एक छात्र अनुपस्थिति रहा! भोजन आदि के विषय में छात्रों ने भोजन मिलने की बात कही! कक्षा 8 में नामांकन अत्यधिक कम होने पर उन्होंने नाराजगी जताई! कक्षा 4 में गुणा करने पर प्रीतम की पीठ थपथपाई! हालांकि रसोई में व्यवस्था दुरस्त न मिलने पर उन्होंने जिम्मेदारों को फटकार लगाई! इंचार्ज प्रधानाध्यापक सावित्री देवी ने कहा रसोई में कई सामान जरुरत के मुताबिक प्रतिदिन मंगाया जाता इसलिए रसोइये हर सामान नहीं दिखा सके! नोडल अधिकारी के आने के पहले विद्यालय पर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने साफ– सफाई आदि व्यवस्था चकाचक करा दिया था! रसोइयों ने बैठने के लिए बेंच की मांग किया अधिकारी ने शीघ्र व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया! परिसर के अन्दर अपर प्राथमिक विद्यालय का एक दरवाजा पंचायत भवन की ओर बनाने की बात कही गई, तथा अन्दर लगे खणन्जा को और ऊंचा कराने के लिए खण्ड विकास अधिकारी सतीश सिंह को निर्देशित किया गया!लगभग आधे घंटे के निरीक्षण में मिली खामियों को दुरुस्त कराने का निर्देश देकर बांसी की ओर रवाना हो गए! इस दौरान बेसिकशिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, सीडिपिओ निर्भय सिंह,बीईओ रामकुमार सिंह,सहायक विकास अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव, सचिव दीनानाथ पाण्डेय, अनुपम पाण्डेय तथा रजनीश यादव,सहित प्रधान श्याम विहारी भी मौजूद रहे!

# बांसी में समाजवादी पार्टी की बैठक,निकाय चुनाव को लेकर मंथन

दैनिक बुद्ध का संदेश
बांसी। सिद्धार्थनगर मंगलवार को समाजवादी पार्टी की एक अवश्यक बैठक बांसी नगर पालिका स्थित बृजभूषण तिवारी मैरिज हाल में आयोजित की गई कार्यक्रम के संयोजक व विधानसभा बासी के पूर्व प्रत्याशी व नगर पालिका चुनाव पर्यवेक्षक नवीन उर्फ मोनू दुबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला सचिव कृष्ण कुमार त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवेंद्र मिश्रा उर्फ मुक्कू मिश्रा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक मोनू दुबे के द्वारा कहा गया की समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सभी संभावित अध्यक्ष पद के प्रत्याशी व वार्ड मेंबर के प्रत्याशी अपने अपने वार्ड में लग कर के जो रैपिड सर्वे करवा दिया उसमें जो भी गड़बड़ी हुई उसकी शिकायत चुनाव आयोग को करें साथ ही साथ नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा समाजवादी पार्टी के समर्थित वोटरों के नाम को कटवाने का जो कार्य किया जा रहा है उसकी पूरी निगरानी रखें तथा ज्यादा से ज्यादा समाजवादी पार्टी से संबंधित लोगों के नाम को नगर पालिका की वोटर लिस्ट में जोड़ने का काम करें इसके लिए सभी साथी पूरी इमानदारी से लग कर के अपने अपने बूथ व बी.यल.ओ से संपर्क करके मजबूत तरीके से कार्य करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवेंद्र मिश्रा के द्वारा कहा गया कि समाजवादी पार्टी जिस भी किसी व्यक्ति को अध्यक्ष पद व वार्ड मेंबर पद का प्रत्याशी बनाती है उसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर के मजबूत तरीके से लगकर के चुनाव जीतने में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विभा शुक्ल, समाजवादी युवजन सभा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अम्बिकेश श्रीवास्तव,अबरार हुसैन, खुर्शीद अहमद, रमेश चंद्र द्विवेदी, मुस्तकीम खान,समाजवादी महिला सभा की निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनीता द्विवेदी, समाजवादी चिंतक अनूप त्रिपाठी, समाजवादी युवजन सभा के निवर्तमान प्रदेश सचिव विजय चौधरी, धीरू यादव, उपेंद्र सिंह, संजय धर द्विवेदी, इम्तियाज सिद्दीकी, अंकुर श्रीवास्तव, जयप्रकाश यादव, इसरार चौधरी,नसीम कुरैशी, इसरार खान,मंजूर, रवि श्रीवास्तव, चंदन द्विवेदी, करीम राईनी, इमरान पठान,इमरान सिद्दीकी, विक्रम पासवान, मोहम्मद अजहरुद्दीन खां, राजेश पासवान, ईबरार अहमद, कलीम खान,मोहम्मद हारुन, शकील खान, शरीफ खान, रमेश वर्मा, कंचन यादव, प्रदीप यादव, विशाल पांडे, रिंकू यादव, राहुल कनौजिया, जाहिद अली, मोहम्मद अयूब, मुस्तफा खान, इजहार खा, रुस्तम अली, शकील खान, नित्यानंद वर्मा,राहुल पांडे, रामविलास मौर्या,शादाब शेख, शिवरतन, सलमान अंसारी, अब्दुल अलीम शेख, मोहम्मद सैफ खान, जितेंद्र चौहान,शादाब खान, राकेश, गोलू, केसी मिश्रा, सागर सिंह अन्य साथी उपस्थित रहे।





## बरांव शरीफ के प्रधानाचार्य सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। बरांव शरीफ में संचालित मशहूर तालीमी इदारे दारुल उलूम फैजुर्रसूल के प्रधानाचार्य अल्लामा अली हसन अल्वी अजहरी को शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेत मदरसा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डाक्टर इफ्तिखार अहमद जावेद द्वारा सम्मानित किया गया. बेगम खैर इन्टर कालेज बस्ती में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित प्रोग्राम में मुख्य अतिथि डाक्टर इफतिखार अहमद जावेद ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मदरसों में दीनी तालीम के साथ आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दे रही है. अल्लामा अली हसन अल्वी अजहरी को सम्मान मिलने पर दारुल उलूम के सरबराहे आला पीर अल्लामा गुलाम अब्दुल कादिर अल्वी ने दुआवों से नवाजते हुए मुबारकबाद पेश किया किया है,व मोहतमिमे आला मौलाना पीर आसिफ अल्वी अजहरी ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि बरावं शरीफ ने शिक्षा के हवाले से जनपद सिद्धार्थ नगर और देश का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है, साथ ही दारुल उलूम के दीगर असातजा ने भी मुबारकबाद पेश करते हुए इसे दारुल उलूम के लिए ऐतिहासिक दिन बताया है



# सम्पादकीय

**चीनी सरकार उन्हें लगभग मुफ्त में मेडिकल की शिक्षा देती है लेकिन उसे यह डर भी लगा रहता है कि इन इस्लामी पाकिस्तानियों के जरिए अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुस्लिम राष्ट्रों के आतंकवादी कहीं सिंक्यांग में अपना अड्डा न बना लें। ये उइगर लोग भारत और पाकिस्तान को बहुत प्यार करते हैं ...**

## चीनी मुसलमानों की दुर्दशा



संयुक्तराष्ट्र संघ की मानव अधिकार परिषद ने चीन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। उसकी ताजा रपट में उसने बताया है कि चीन के शिन च्यांग (सिंक्यांग) प्रांत के लगभग दस लाख उइगरों को यातना शिविरों में बंद करके रखा हुआ है। ये उइगर मुसलमान हैं। ये दिखने में भी चीनियों से अलग दिखते हैं। उनका सिंक्यांग प्रांत हमारे लद्दाख से लगा हुआ है। सैकड़ों सालों से पैदल रास्ते चीन जानेवाले और वहां से आनेवाले व्यापारी, विद्वान, यात्रीगण इसी रास्ते से आया जाया करते थे। उइगरों का यह क्षेत्र सदियों से चीनी वर्चस्व के बाहर रहा है। कम्युनिस्ट शासन की स्थापना होने के पहले इस उइगर–क्षेत्र में आजादी का आंदोलन चलता रहा है लेकिन जब से चीन में कम्युनिस्ट शासन स्थापित हुआ है, उइगर मुसलमानों को बड़ी बेरहमी से दबाया गया है। कुछ उइगर नेताओं और व्यापारियों को अपना हथियार बनाकर चीनी सरकार उन पर निरंतर जुल्म करती रहती है। संयुक्तराष्ट्र संघ की लंबी रपट में ठोस तथ्य और तर्क देकर बताया गया है कि चीन के ये मुसलमान गुलामी की जिंदगी जी रहे हैं। उनकी जनसंख्या न बढ़े, इसलिए उनकी जबरन सामूहिक नसबंदी कर दी जाती है। उनकी मस्जिदों पर ताले ठोक दिए जाते हैं। वहां मदरसे नहीं चलने दिए जाते हैं। इस्लामी देशों के प्रचारकों को वहां घुसने भी नहीं दिया जाता है। उनकी वेशभूषा और नाम भी बदलने की कोशिश बराबर जारी रहती है। उइगर बच्चों के स्कूलों में चीनी भाषा अनिवार्य रूप से पढ़ाई जाती है। शिंनच्यांग प्रांत में कम्युनिस्ट पार्टी का शिंकजा इतना कड़ा है कि जो उइगर मुसलमान उसके पदाधिकारी हैं, वे चीनियों की नकल भर बने रहते हैं। सिंक्यांग प्रांत की राजधानी उरुमची और अन्य शहरों व गांवों में मुझे घूमने–फिरने और आम आदमियों से खुलकर बात करने का मौका मिला है। कई उइगरों से पेइचिंग और शांघाई में भी मेरा खुलकर संवाद हुआ है। वे अपने आप को चीनी कहने में ही संकोच करते हैं। सिंक्यांग में मैंने जैसी गरीबी देखी, वैसी दुनिया के बहुत कम देशों में देखी है। वहां की कई महिलाओं ने शिकायत की कि चीनी लोग उनके साथ काफी बुरा बर्ताव करते हैं। राजधानी उरुमची में पाकिस्तानी छात्रों की भरमार रहती है। चीनी सरकार उन्हें लगभग मुफ्त में मेडिकल की शिक्षा देती है लेकिन उसे यह डर भी लगा रहता है कि इन इस्लामी पाकिस्तानियों के जरिए अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुस्लिम राष्ट्रों के आतंकवादी कहीं सिंक्यांग में अपना अड्डा न बना लें। ये उइगर लोग भारत और पाकिस्तान को बहुत प्यार करते हैं लेकिन देखिए उनकी बदकिष्मती कि इन दोनों देशों के नेता उइगरों के मुद्दे पर मौन धारण किए रहते हैं। अमेरिका और पश्चिमी राष्ट्र जब मुंह खोलते हैं, चीन उन पर निहित स्वार्थ और दुश्मनी का आरोप लगाता है। चीनी सरकार ने संयुक्तराष्ट्र की इस ताजा रपट को भी यही कहकर रद्द कर दिया है।

## तो पार्टी हुई नहीं

जब सुर्खियां ही सियासी किस्मत तय कर रही हों, तब आपदा में भी अवसर ढूंढ कर उस पर खुशी बांटने की प्रवृत्ति समझी जा सकती है। बहरहाल, हकीकत इतनी गंभीर है कि यह उत्सव मनाने का अवसर भी नहीं मिला। भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 16.2 प्रतिशत रहेगी। बाजार के तमाम पंडितों का भी अनुमान था कि ये दर 15 से 16 प्रतिशत तक रहेगी। इसके आधार पर उत्सव मनाने की पूरी तैयारी थी। हालांकि निम्न आधार अगर ये अनुमान सही भी साबित होते, तो उसमें उत्सव मनाने जैसा शायद ही कुछ था। इसलिए कि उसका मतलब होता कि 2018–19 के बाद के तीन वर्षों में इस तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगभग 1.75 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर हासिल की है। जिस दौर में सुर्खियां ही सियासी किस्मत तय कर रही हों, तब आपदा में भी अवसर ढूंढ कर उस पर खुशी बांटने की प्रवृत्ति सहज समझी जा सकती है। बहरहाल, हकीकत इतनी गंभीर है कि यह उत्सव मनाने का अवसर भी सरकार और उसकी छवि सुधारने में जुटे रहने वाले मीडिया के हिस्से को नहीं मिला। असल आंकड़े ये सामने आए कि वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही। इसके बाद गुलाबी (वित्तीय) अखबारों को यह सुर्खी बनानी पड़ी कि आंकड़े कमजोर हैं। ऊपर से यह भी यह सामने आ गया कि जुलाई में कोर सेक्टर की वृद्धि दर छह महीनों के सबसे निचले स्तर पर गिर 4.5 प्रतिशत ही दर्ज हुई। जो जीडीपी वृद्धि दर सामने आई, उसमें यह  पहलू गौरतलब है कि पहली तिमाही में आयात साढ़े छह प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज हुई, जिसका जीडीपी वृद्धि दर को ऊंचा करने में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। जबकि निर्यात में सिर्फ 0.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई। यह किसी भी रूप में स्वस्थ अर्थव्यवस्था का सूचक नहीं है। बल्कि बढ़ता व्यापार घाटा हर लिहाज से गहरी चिंता का विषय है। इसका दबाव विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहा है। महंगे आयात का महंगाई में बढ़ाने में योगदान सर्वविदित है। तो अब जरूरत इस बात की है कि अर्थव्यवस्था की बुनियादी समस्याओं पर खुल कर बात हो। जड़ें कहां कमजोर हुई है, इसे समझने की कोशिश की जाए। ऐसा तभी हो सकता है, जब सिर्फ सकारात्मक खबरें ढूंढने और प्रचारित करने की प्रवृत्ति से सरकार उबरे। वरना, हर सुखबोध का अंत इसी तरह गहरी निराशा में होता रहेगा।

## दक्षिण एशियाई नेताओं का कल्ट और संकट

**पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया खुद अनेक मुकदमें झेल रही हैं और बीमार हैं। उनके परिवार के सदस्य देश छोड़ कर भागे हुए हैं। कट्टरपंथियों के काबू में करने के नाम पर सैकड़ों लोगों को फांसी पर चढ़ाया गया है। हसीना आर्थिक मोर्चे पर ठीक काम कर रही हैं लेकिन वे व्यवहार में लोकतांत्रिक नेता नहीं हैं, बल्कि वे एक तरह की लोकतांत्रिक तानाशाही चला रही हैं, जहां विपक्ष का कोई मतलब नहीं है। सो, लगभग ...**

हरिशंकर व्यास

दक्षिण एशिया के देशों में भी राहु काल बना हुआ है।  ज्यादातर आजाद देशों ने लोकतंत्र से शुरुआत की थी। परंतु अनेक देशों में ज्यादा समय तक लोकतंत्र की रोशनी कायम नहीं रह सकी। कई देशों में लोकतांत्रिक तानाशाही देखने को मिली तो कई देशों में सैनिक तानाशाही बनी। कई देशों में धार्मिक कट्टरता की वजह से अराजकता के हालात बने। अब दक्षिण एशिया के ज्यादातर देशों में शासन कर रहे नेताओं का अपना कल्ट बना है। वे लोकतंत्र के मान्य सिद्धांतों से ऊपर हैं। उनकी लोकप्रियता ने उनको जिद्दी और कट्टर बनाया है। उनके नाम पर ध्रुवीकरण है। उन्होंने अपनी जिद में फैसले किए और उनकी वजह से देशों को बड़े संकट का सामना करना पड़ा। सबसे बड़ा देश भारत है। पिछले आठ साल से भारत में 56 इंच की छाती वाले नरेंद्र मोदी का ऐसा कल्ट बना है, जैसा किसी और नेता का पहले कभी नहीं बना। आजादी के बाद नेहरू सहज भाव से सबसे लोकप्रिय नेता थे। किसी और कि छवि बिगाड़ कर या अपना प्रचार करके उन्होंने कल्ट नहीं बनाया था। भारत में प्रचार के दम पर केवल मोदी का कल्ट बना है। वे अपने इलहाम में फैसले कर रहे हैं और प्रचार के दम पर हर फैसले को सही ठहरा रहे है। नोटबंदी से लेकर, हड़बड़ी में जीएसटी लागू करने और अभी चीन की विस्तारवादी नीतियों पर चुप्पी भारत के लिए आत्मघाती साबित हो रही है। उनका श्माचो मैन्य की छवि बनाई गई है। प्रचार किया जाता है कि उन्होंने पाकिस्तान और चीन की बोलती बंद करा दी है। महंगाई बढ़ती है तो सोशल मीडिया में प्रचार होता है कि श्शेर पाला है तो उसका खर्च उठाना होगाय। उनकी छाती 56 इंच की है, वे माचो मैन हैं, वे शेर हैं। उनकी पार्टी के बड़े नेता बताते हैं कि दुनिया में कोई भी फैसला मोदीजी से पूछे बगैर नहीं होता है। उनके नेता बताते हैं कि मोदीजी ने भारतीयों को यूक्रेन से निकालने के लिए युद्ध रूकवा दिया था। सोचे इस विशाल कल्ट के निर्माण का भारत को क्या मिला है? महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। अस्सी करोड़ लोग पांच किलो अनाज पर पल रहे हैं। सांप्रदायिक सद्भाव ऐसा बिगड़ा है कि हर गांव में पाकिस्तान बनाने का जिन्ना का सपना साकार होता दिख रहा है। भारत की सीमा पर चीन के घेराबंदी की है सारी दुनिया सेटेलाइट की तस्वीरों के जरिए कह रही है लेकिन हमारा शेर कहता है कि न कोई घुसा है न कोई घुस आया है। लोग अपने शेर की बात मान रहे हैं। ऐसा ही एक शेर श्रीलंका में आया था, जिसने ऐसी धार्मिक और नस्ली नफरत फैलाई और हिंदू तमिलों का ऐसा कत्लेआम किया कि वह बहुसंख्यक सिंहली, बौद्ध आबादी में सुपरहीरो बना। परंतु उसने श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का भत्रद्दा बैठा दिया। महिंदा राजपक्षे और उनके भाई गोटबाया राजपक्षे ने अपनी शेर नेता की छवि में श्रीलंका की हालत खराब की। बाद में जन विद्रोह हुआ तो दोनों को भागना पड़ा। इसके बावजूद वे प्रॉक्सी के जरिए श्रीलंका में शासन कर रहे हैं। लोगों का गुस्सा ठंडा पडने और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज की मंजूरी होने के बाद गोटबाया के श्रीलंका लौटने की खबर है। हकीकत यह है कि हिंदू तमिलों के कत्लेआम ने श्रीलंका को अछूत बनाया है तो खराब आर्थिक नीतियों ने देश को कंगाल किया है। पाकिस्तान में इमरान खान प्रधानमंत्री बने थे तो देश के लोगों ने उनसे बड़ी उम्मीदें बांध ी थीं। वे ब्रिटेन में पढ़े–लिखे थे और उन्होंने दुनिया देखी हुई थी। लेकिन उनसे देश को क्या मिला? पाकिस्तान पहले से भी ज्यादा कंगाल हुआ है। पाकिस्तान के लोगों को न शांति और सुकून नसीब हुआ और न आर्थिक सुरक्षा हासिल हुई। इमरान खान ने ऐसे चौराहे पर देश के छोड़ा, जहां से संभालना किसी भी नेता के वश में नहीं है। इमरान अपनी फितरत और अपनी जिद में काम करते रहे। उन्होंने पाकिस्तान के चीन और अमेरिका दोनों के लिए अछूत बनाया तो बगल के अफगानिस्तान में तालिबान राज के साथ भी उनका टकराव बढ़ा। वे विदेश और आर्थिक नीति दोनों में विफल रहे। दक्षिण एशिया के सबसे अशांत देशों में से एक अफगानिस्तान में फिर से तालिबान का राज बन गया है और वहां मध्यकालीन सारी व्यवस्थाएं लौट आई हैं। महिलाओं का घरों से निकलना बंद है और स्कूल–कॉलेजों की पढ़ाई मदरसों के तर्ज पर होने लगी है। धर्म का राज है, अफीम की खेती है और चारों तरफ गोली–बारूद है। लंबी लड़ाई और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों से म्यांमार में लोकतंत्र बहाल हुआ था। लेकिन अब वहां भी सैनिक तानाशाही बहाल हो गई है। शांति के लिए नोबल पुरस्कार जीतने वाली आंग सान सू की जेल में बंद हैं और हर दिन नए मुकदमे में उनको सजा सुनाई जा रही है। अब वहां लोकतंत्र की संभावना स्थायी रूप से समाप्त है। ले–देकर बांग्लादेश एक ऐसा देश है, जहां थोड़ी बहुत आर्थिक व सामाजिक स्थिरता दिख रही है। लेकिन नेतृत्व वहां भी कल्ट का है। शेख हसीना ने अपने सारे विरोधियों को निपटाया हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया खुद अनेक मुकदमें झेल रही हैं और बीमार हैं। उनके परिवार के सदस्य देश छोड़ कर भागे हुए हैं। कट्टरपंथियों के काबू में करने के नाम पर सैकड़ों लोगों को फांसी पर चढ़ाया गया है। हसीना आर्थिक मोर्चे पर ठीक काम कर रही हैं लेकिन वे व्यवहार में लोकतांत्रिक नेता नहीं हैं, बल्कि वे एक तरह की लोकतांत्रिक तानाशाही चला रही हैं, जहां विपक्ष का कोई मतलब नहीं है। सो, लगभग समूचे दक्षिण एशिया में ऐसे नेताओं का वर्चस्व है या ऐसी शासन व्यवस्था है, जो अनुदारवादी और कट्टर है। नेताओं का कल्ट है और उस नाम पर हर काम को जायज ठहराया जा रहा है।

## सुशासन बाबू की नई सरकार क्या जंगलराज ?

**राजनीति की दशा इससे भी बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं । जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोडने की कोशिशें होती हैं । पर हम कितना भ्रम पालते हैं । पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती । बाकी सब अस्थायी है । चरित्र एक साधना है, तपस्या है । जिस प्रकार अहं का पेट ...**

अजय दीक्षित

भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाये जाने एवं महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी देने के नाम पर गहरा सन्नाटा पसरा है, कैसा विरोध ाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े–लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है ।

बिहार में नई सरकार में कानून मंत्री बने राष्ट्रीय जनता दल के विधायक कार्तिकेय सिंह है ।  जिन्हें पटना के दानापुर में अदालत के सामने समर्पण करना था, मगर ये राजभवन में शपथ लेने पहुंच गये । बिहार में नीतीश कुमार को सुशासन बाबू के तौर पर जाना जाता है जिन्होंने राज्य में अपराध के खात्मे की घोषणा के बूते ही अपने राजनीतिक कद को ऊंचा किया । लेकिन ताजा उलटफेर में जिन लोगों को मंत्रिमण्डल में शामिल किया गया है, उनमें से कई पर लगे आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल में जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, ये हर बार मौका मिलने पर अपने संकल्प एवं बेदाग राजनीति के दावों से पीछे



क्यों हट जाते है ?  गौरतलब है कि 2014 में कार्तिकेय सिंह सहित सत्रह अन्य लोगों पर पटना के बिहटा थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था ।  कार्तिकेय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने एक बिल्डर को मारने के मकसद से अपहरण की साजिश रची थी ।  यह अजीब स्थिति है कि अक्सर साफ–सुथरी और ईमानदार सरकार देने के दावों के बीच आपराधिक छवि के लोगों को उच्च पद देने का सवाल उभर जाता है । सवाल है कि क्या नीतीश कुमार अपने ही दावों को लेकर वास्तव में गम्भीर हैं ?  ऐसे जिम्मेदार राजनेता अपने दावों से पीछे हटेंगे तो राजनीति को कौन नैतिक संरक्षण देगा ? आज भारत की आजादी का अमृत महोत्सव की परिसम्पन्नता पर एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का । यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं ।  हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन स्थापित करेंगे ? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे ? इस तरह अपराधी तत्वों को महिमामंडित करने के बाद नीतीश कुमार के उन दावों की क्या विश्वसनीयता रह जाती है कि ये बिहार को अपराध और भ्रष्टाचार से मुक्त कराएंगे ? बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा ?  क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया ।  लाखों के लिये अनुकरणीय बने, आदर्श बने । चाहे आजादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, ध र्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम कर दिया था । महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख–सुविधा को गौण कर बड़ी कुर्बानी दी थी ।  गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया । ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिये । इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही । लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया । राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं ।  वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा । दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा । अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्टा पर विराम लगाना ही होगा । दिल्ली सरकार में मंत्रियों के घरों पर सीबीआई के छापे या बिहार मंत्री परिषद के गठन में अपराधी तत्वों की ताजपोशी– ये गम्भीर मसले हैं । राजनीति के शुद्धिकरण का सार्थक प्रयास हो, यह नया भारत सशक्त भारत की प्राथमिकताएं होनी ही चाहिये ।  सभी अपनी अपनी पहचान एवं स्वार्थपूर्ति के लिए दौड़ रहे हैं, चिल्ला रहे हैं ।  कोई पैसे से, कोई अपनी सुन्दरता से, कोई विद्वता से, कोई व्यवहार से अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए प्रयास करते हैं । राजनीति की दशा इससे भी बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं । जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोडने की कोशिशें होती हैं ।




# मवेशी चट कर रहे किसानों के खेत, गौशाला चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

## शासन की अति महत्वाकांक्षी गौशाला निर्माण योजना लापरवाही के कारण पूरी तरह से नहीं उतरी धरातल पर

पहला (सीतापुर)। शासन की अति महत्वाकांक्षी गौशाला निर्माण योजना लापरवाही के कारण पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर पा रही है। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में गौशाला का निर्माण किया जाना था। अधिकतर जगहों पर निर्माण कार्य तो हुआ लेकिन योजनापरवान नहीं चढ़ सकी। हालत यह है कि आवारा मवेशियों ने किसानों की कमर तोड़ दी है। जिन जगहों पर काम शुरू हुआ था। वहां पर अब अनियमितता की पोल धीरे.धीरे खुलने लगी। ऐसा ही ताजा मामला ब्लॉक क्षेत्र के जसमंडा ग्राम पंचायत के बिलहरी गांव में बनी गौशाला का सामने आया है। जहां पर गौशाला निर्माण को लेकर चार महीने पहले ही पूरा पैसा निकाल लिया गया है। मौके पर अभी केवल एक बड़ा सा गेट हाथी की दांत की तरह दिख रहा है न वहां अभी तक बाउंड्री वॉल का निर्माण हुआ और खंड विकास अधिकारी पहला एडीओ एजी ग्राम विकास अधिकारी वा प्रधान द्वारा 11 तारीख को गौशाला का उद्घाटन कर दिया। मगर उसमें मीडिया कर्मियों द्वारा जब जाकर देखा गया तो उसमें एक भी पशु नहीं था और पड़ोसी खेतों में सैकड़ों गौवंश फ सलों को चट कर रहे थे। गौशाला में आते 50 किलो भूसा था जो गौशाला है वह मैदान के रूप में तब्दील था। लेकिन कागजों में पूरा पैसा निकल गया। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी बलवीर से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी देखवाते हैं। क्या इसी तरह से ग्राम पंचायत में धन का बंदरवाट होकर निराश्रित गौवंसों के लिए आए धन का बंदरबांट चलता रहेगा या कोई अधिकारी जांच भी करेगा यह समय ही बताएगा।

# दलित महिला संग सामूहिक बलात्कार से दहला तालगांव क्षेत्र

## असलहे की नोक पर बाइक सवार दो युवकों ने दिया घटना का अंजाम

मानपुर (सीतापुर)। तालगांव इलाके में असलहा बन्द बाइक सवार दो युवकों द्वारा एक दलित महिला संग हुए सामूहिक बलात्कार का मामला प्रकाश में आया है। पीडित महिला ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इस सनसनी खेज घटना के बावत फिलहाल तालगांव पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार मानपुर थाना क्षेत्र की एक दलित महिला ने दो युवकों पर सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाया है। महिला ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत कर मुकदमा पंजीकृत करने की गुहार लगाई है। मानपुर थाना क्षेत्र की एक दलित महिला का आरोप है कि वह 30 अगस्त को दोपहर दो बजे के करीब तालगांव थाना क्षेत्र के ढीका गांव अपनी रिस्तेदारी जा रही थी। तालगांव इलाके के सकतापुर व अमौरा, मोती सिंह गांव के बीच महिला पहुंची थी। इसी बीच बाइक सवार शेखसरांय कोतवाली बिसवां निवासी अयूब खान पुत्र सिद्दीक खान व एक अज्ञात युवक समेत दोनों लोगों ने उसे असलहा दिखाकर रोक लिया। अपशब्दों का प्रयोग करते हुए दोनों युवक उसे एक गन्ने के खेत मे खींच ले गये। महिला के शोर मचाने की कोशिश पर उसे असलहा दिखाकर दोनों युवकों ने उसके साथ बारी बारी से बलात्कार जैसी जघन्य घटना का अंजाम दिया। जिसके बाद दोनों युवक वहां से फरार हो गये। पीडित महिला ने बताया कि उसने घटना की सूचना सम्बंधित थाने पर दी। जिसके बाद उसने उक्त घटना का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से शिकायत कर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है। तालगांव थाना प्रभारी सन्तोष कुमार ने बताया कि घटना के बावत शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जबकि पीडित महिला हुई इस घटना से बेहद डरी सहमी है।

# दिमागी बुखार से एक बालक की मौत, एक दर्जन से ज्यादा बीमार

सेउता (सीतापुर)। थाना रेउसा क्षेत्र में दिमागी बुखार से एक बालक की मौत हो गई। एक दर्जन से ज्यादा लोग जुकाम बुखार से पीडिघ्त हैं। लेकिन स्वास्थ्य महकमा बेखबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रेउसा क्षेत्र के सेवता गांव निवासी विनीत यादव उम्र करीब 17 वर्ष पुत्र पैकरमा यादव को तीन सितंबर की बीती देर रात अचानक उसे बुखार आ गया। बुखार आने पर परिजनों ने स्थानीय प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न देख परिजनों ने रेउसा– तंबौर मार्ग पर स्थित धर्मेंद्र शुक्ला के हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के बाद हालत में सुधार न होते देख डॉक्टर ने जवाब दे दिया। जिसे परिजनों ने प्राइवेट वाहन से बलरामपुर अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं दूसरी मौत 4 सितम्बर को गांव सेउता के अहमद पुत्र अजीज अहमद चार वर्ष को 3 सितम्बर को उल्टी दस्त चालू हुई तो परिजनों ने प्रथम उपचार गांव में किसी डॉक्टर से करा रहे थे। हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा जा रहे थे कि अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही अहमद जिन्दगी की जंग हार गया और उसकी मृत्यु हो गई। मृतक अहमद की बहन गौसिया बानो को 5 सितम्बर को उल्टी दस्त की शिकायत हुई तो उसे परिजन रेउसा के सरकारी ले गये। समाचार लिखे जाने तक इलाज जारी था। मृतक अहमद के पड़ोस में दो वर्षीय फैजान पुत्र मेराज की भी उल्टी दस्त की सिकायत है उसका भी इलाज चल रहा है। यही नहीं गांव सेउता में ही जुकाम बुखार से लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोग जुकाम बुखार से पीडिघ्त है। जुकाम बुखार से पीडिघ्त लोगों का कहना है सबसे पहले बुखार आता है फिर जाड़ा लगता है सिर दर्द तो बहुत तेज होता है। जुकाम बुखार से पीडिघ्त हर उम्र के लोगों में लक्षण देखे जा रहे रहे। सावित्री उम्र 65 वर्ष, नन्दिनी आठ वर्ष, काजल पन्द्रह वर्ष, अहिंसक उन्नीस वर्ष, अयोध्या पोरवाल, पैंतालीस वर्ष, लक्ष्मी देवी, पैंतीस वर्ष, शीला देवी पच्चीस वर्ष रीमा तीस वर्ष, विकास आठ वर्ष आदि तमाम मरीज जुकाम बुखार से पीडिघ्त है। अगर जल्द इस वायरल फीवर की रोकथाम समय रहते नहीं किया गया तो समस्या गम्भीर हो सकती है। स्वास्थ्य महकमा इसे जांच कर पता करें की किन कारणों से जुकाम बुखार के मरीज दिनकर बढ़ रहे हैं। इस बिषय में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेउता के प्रभारी डाक्टर तेज प्रताप से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जानकारी नहीं थी अब जानकारी हुई है जांच कर मरीजों का इलाज किया जायेगा।

## जबाबी कीर्तन का भव्य आयोजन

रेउसा (सीतापुर)। श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव समिति द्वारा रेउसा के हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे गणेश चतुर्थी महोत्सव कार्यक्रम में गत दिवस 4 सितंबर को जवाबी कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में सेवता विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जवाबी कीर्तन टीम में कानपुर से सचदेवा शरारती एवं उरई झांसी से पधारी राखी आजाद के द्वारा फिल्मी गानों पर हृदयस्पर्शी जवाबी कीर्तनों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर रेउसा बिसवां व दूरदराज के क्षेत्रों से आए सैकड़ों की संख्या में आये श्रोतागण सुबह 6 बजे तक डटे रहे। वहीं कार्यक्रम के अंतिम दिन रेउसा चौक के चारों रोड पर शोभायात्रा निकालकर गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस फिर आना की जय ध्वनि के साथ विसर्जित किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों के साथ साथ भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थित दर्ज की।

# ग्राम सरसंई का सरकारी ट्यूवेल खंडहर में तब्दील

मिश्रिख (सीतापुर)। विद्युत उपकेन्द्र मिश्रित में तैनात एसडीओ व जेई की मनमानी के चलते ग्राम पंचायत सरसंई में बना सरकारी विद्युत ट्यूवेल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ कर रह गया है। इस सरकारी ट्यूबवेल पर वर्षों से तैनात ट्यूबवेल आपरेटर की ग्रामीण सकल तक नहीं पहचानते हैं। इस ट्यूबवेल पर तैनात दशकों से तैनात आपरेटर फ्री की सैलरी ले रहा है। जबकि ट्यूबवेल आपरेटर को खुद नहीं पता कि यह सरकारी ट्यूबवेल गांव सरसंई में कहां पर मौजूद है। वर्षों से साफ सफाई न होने के कारण वहां पर झाड़ झंखाड़ खड़ी हो गई है। इस ट्यूबवेल की इमारत खंडहर में तब्दील हो गई है। विद्युत विभाग के एसडीओ व जेई ने इस ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर भी उठाकर कहीं दूसरी जगह लगवा दिया है। अन्य सामग्री भी गायब हो गई है। खिड़की, दरवाजा, तार रात्रि के अधेरे में चोर चुरा ले गए है। तमाम जन सिकायतों के बावजूद भी विद्युत विभाग के अधिकारी गहरी नींद में सो रहे हैं। जबकि किसानों की फसले बिना सिंचाई के सूख रही है। इस बार बरसात भी कम हुई है। किसानों के मंसूबो पर पानी फेरा जा रहा है। यहां के किसानों ने जिलाधिकारी सहित प्रदेश शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए इस सरकारी ट्यूबवेल को सही कराए जाने की मांग की है।

# सरकार ने गर्भवती,धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया है:माधवेन्द्र प्रताप सिंह

## आंगनबाड़ी अति कुपोषित बच्चों की अधिक देखभाल करनी होगी:विधायक

हरदोई।गांधी भवन सभागार में आयोजित पोषण माह कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह, रानू ने दीप प्रज्जवलित कर किया तथा पोषण गैलरी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर विधायक ने अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्वि मिश्रा के साथ एक बच्चे का अन्नप्राशन तथा दो गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों को पोषण पोटली का वितरण किया। पोषण माह कार्यक्रम में विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एंव मुख्यमंत्री के महिला सशक्तीकरण अभियान के अन्तर्गत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया जा रहा है और इसी के तहत बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए पुष्टाहार, पोषण पोटली आदि का वितरण कराया जा रहा है। उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोगों को अपने साथ–साथ गांव के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी रखने की जिम्मेदारी होती है और आप लोगों द्वारा उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जनपद के अति कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान दे और उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ पोषाहार उपलब्ध करायें तथा अभिभावकों को बच्चों व घर को साफ सुथरा रखने के प्रति प्रेरित करें और बताये कि दूषित खाना एवं पानी से बच्चों को कुपोषण होता है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य हैं, इसके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी रखना प्रत्येक आगंनबाड़ी की जिम्मेदारी है, इसलिए प्रदेश सरकार की मंशानुरूप आंगनबाड़ी केन्द्र पर आने वाले बच्चों की उचित देखभाल करें। इस अवसर मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में 0 से 3 वर्ष के 04 लाख से अधिक बच्चे हैं, जिनमें 35 हजार कुपोषित तथा 11 हजार के लगभग अति कुपोषित बच्चे हैं जिनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा हैं और गांव में लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में एचसीएल कंपनी के ऋषि कान्त,पल्लवी, ईओ, सीडीपीओ तथा भारी संख्या मेंआंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां उपस्थित रहे।

## बिजली का करेंट लगने से 12 वर्षीय बालक की मौके पर मौत

साण्डा (सीतापुर)। थाना सकरन क्षेत्र के गांव भकली मजरा क्योंटाना हरदोपट्टी का है। जहां के निवासी सूर्या पुत्र रामधार उम्र लगभग 12 वर्ष अपने घर पर पंखे का तार बोर्ड में लगा रहा था। लेकिन तार में कही कट होने के कारण उसी बोर्ड में चिपक गया और मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना सूर्या के परिजनों ने थाना सकरन पुलिस को दी। सकरन पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्राम प्रधान देशराज यादव की अगुवाई में गांव के संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव विच्छेदन हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

## विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी पीडिघ्ता

सिधौली (सीतापुर)। अपनी मांगों को लेकर एक महिला शहीद स्मारक पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गई। वह उपजिलाधिकारी सिधौली तथा थानाध्यक्ष कमलापुर की कार्यशैली से परेशान है। बताते चलें कि सिधौली तहसील गेट के शहीद स्मारक के सामने बिंदेश्वरी निवासी ग्राम हरदीपुरवा मजरा का ककैयापारा थाना कमलापुर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गई। पीडिघ्ता का कहना है कि उसने अपने खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे। जब उसने पेड़ कटवाए तो प्रधान ने दबंगई दिखाते हुए उससे गालियां दी तथा पेड़ को थाने भेजवा दिया। जब थाने पहुंची तो पुलिस कर्मियों ने उससे अभद्रता की। बीते दिनों उसने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी तथा कार्रवाई ना होने पर भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी थी। पीडिघ्ता का कहना है कि शिकायत किए आज कई दिन हो गए लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके चलते उसे भूख हड़ताल पर बैठना पड़ रहा है।

## सास बहू के झगड़े में बहू ने खाया जहर, अस्पताल ले जाते समय मौत

साण्डा (सीतापुर)। मामला थाना सकरन क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिलिहा के गांव अबई का है। यहां के निवासी पप्पू पुत्र रामखेलावन की शादी आरती पुत्री पतिराखन गांव निबोची थाना लहरपुर के साथ 8 साल पूर्व हुई थी। पप्पू दिल्ली में नौकरी करता था और घर पर सास रानी व अजिया ससुर मुनीजर रहते थे। शनिवार की शाम को सास और बहू में झगड़ा हुआ। जिसमें दोनों ने जहर खाने की बात कही लेकिन सुबह आरती ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जब आरती की तबियत ज्यादा बिगडने लगी तो परिजन तुरंत लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे कि रास्ते में ही आरती ने दम तोड़ दिया। आरती की मृत्यु की सूचना सुनकर आरती के माता पिता मौके पर आए और इस प्रकरण की जानकारी सकरन थाना पुलिस को दी। सकरन थाना एसआई रमेश चंद कनौजिया अपने हमराही बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर शव विच्छेदन हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। आरती के माता.पिता के द्वारा सास रानी व अजिया ससुर मुनीजर के खिलाफ सकरन थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया। इस संबंध में सकरन थाना अध्यक्ष मनीष सिंह से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि लड़की पक्ष से दो लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र मिला है। मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# शिक्षक दिवस पर स्कूलों में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

महोली (सीतापुर)। भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्मदिन पर नगर के कृषक इंटर कॉलेज परिसर में प्रधानाचार्य प्रफुल्ल मिश्रा व उनके सहयोगी शिक्षक सुनील मिश्रा, नीरज बाजपेई, यतेंद्र सिंह, मनोज गुप्त और विद्यालय परिवार के सहयोग से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इसी दौरान राधाकृष्ण, सत्यप्रभा शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज, शक्ति लर्निंग टेंपिल स्कूल, उमा शंकर इंटर कॉलेज आफ साइंस, सरस्वती शिक्षा निकेतन, आरपी चिल्ड्रन तथा एमएल अवस्थी स्कूल सहित तमाम विद्यालयों में पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मोत्सव मनाया गया। कृषक इंटर कॉलेज में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने सेवानिवृत्त अध्यापक ज्ञान प्रकाश मिश्रा, राजाराम वर्मा, ऊर्जीतेश्वर शुक्ला, चंद्र कुमार शुक्ला, स्व राजेश शुक्ला, पूर्व प्रधानाचार्य सचेन्द्र मिश्रा तथा बराती लाल वर्मा का माला पहनाकर, अंग वस्त्र व अन्य वस्तुएं भेंटकर सम्मान किया और मंच संचालन का कार्य यतेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा भारतीय संस्कृत के ज्ञानी शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके शैक्षिक विचार सदैव समाज के लिए प्रेरणादायक रहे हैं। देश और समाज के उत्थान के लिए ऐसे ही महापुरुषों के बताए आदर्शो पर चलकर मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के नित नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। विधायक शशांक त्रिवेदी ने शिक्षक दिवस पर सभी गुरु जनों से चरित्रवान युवक.युवतियों को शिक्षित कर राष्ट्र निर्माण की अपील की। इस अवसर पर जय प्रकाश मिश्र, पंकज श्रीवास्तव, राजकमल कनौजिया, राहुल सिंह, राजमन सिंह सहित तमाम शिक्षक और समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## शिक्षक समाज की उन्नति का प्रमुख स्तंभ-आदर्श

हरदोई।ग्रामोदय महाविद्यालय डिघिया खेरिया के गांधी सभागार में पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति में शिक्षक दिवस के अवसर पर कॉलेज संस्थापक सुशील कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सवर्ण चेतना सभा द्वारा वरिष्ठ शिक्षकों को शिक्षक भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले शिक्षक कौशल किशोर त्रिपाठी,अभय शंकर मिश्र ,उमेश कुमार मिश्र, अभय श्रीवास्तव, बनवारी लाल वर्मा,सोनी पांडे,आदित्य वर्मा,दीपक शर्मा रवि शर्मा,शिवम यादव,महिमा दीक्षित, शिवेंद्र प्रकाश मिश्र, अंकित सिंह, धीरज सिंह , कामिनी दीक्षित,शिवानी सिंह,रश्मि सिंह,धर्मेंद्र सिंह नवल किशोर त्रिपाठी , आशुतोष शुक्ला,अनुराग, रामसुत श्रीवास्तव को सवर्ण चेतना सभा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट हाईकोर्ट आदर्श दीपक मिश्र ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा शिक्षक समाज की उन्नति का प्रमुख स्तंभ है, गुरु के आशीर्वाद के बिना ज्ञान संभव नहीं है, जीवन में गुरु का सम्मान भगवान से बढ़कर हैं गुरु का कोई स्थान नहीं ले सकता, माता पिता और गुरुजनों का हमेशा सम्मान करना चाहिए, गुरु जी की दी गई शिक्षा का असर जीवन के साथ रहता है, शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन श्री सुयश प्रकाश मिश्र ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष रणंजय सिंह, कृष्ण कांत मिश्र, अरविंद बाजपेई, अयूब खां, सहित सैकड़ों छात्र–छात्राएं आदि मौजूद रहे।

# द ग्रैंड इंडिया नाइट 2022 के पोस्टर की हुई लॉन्चिंग

## डांडिया नृत्य का आयोजन 8 अक्टूबर को होगा

हरदोई। सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में द फंक्शन जंक्शन ग्रुप के तत्वाधान में ग्रैंड इंडिया नाइट 2022 के पोस्टर की लॉन्चिंग ग्रुप द्वारा किया गया। ग्रुप के सदस्यों ने 8 अक्टूबर 2022 को होने वाले डांडिया नृत्य के आयोजन की भूमिका बताई। शहर के रेलवे गंज में स्थित नृत्य प्रशिक्षण कार्यालय में द फंक्शन जंक्शन ग्रुप के तत्वाधान में होने वाले ग्रैंड इंडिया नाइट 2022 के पोस्टर को लांच किया गया। ग्रुप की मैनेजमेंट सदस्या आलोकिता श्रीवास्तव ने बताया कि द फंक्शन जंक्शन ग्रुप द्वारा 8 अक्टूबर 2022 को अग्रवाल धर्मशाला में डांडिया नृत्य का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसमें नॉन स्टॉप डांस होगा, सरप्राइस गिफ्ट होंगे। बच्चों के साथ बड़ों के लिए भी ढेर सारी मस्ती भरे गेम्स और खाने के स्टाल भी होंगे। सुमित अग्रवाल ने बताया कि डांडिया नृत्य के आयोजन के अलावा बेस्ट इंडिया कपल मिस्टर एंड मिसेस डांडिया, बेस्ट ड्रेस मेल और फीमेल प्राइस के साथ ही प्रत्येक महिला के लिए गिफ्ट्स, लकी ड्रा मुख्य आकर्षण के बिंदु रहेंगे। लांचिंग के मौके पर मुख्य रूप से आयोजक टीम से गौरव शुक्ला,निखिल अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, प्रतीक ओबरॉय और मैनेजमेंट टीम से आलोकिता श्रीवास्तव, अंकिता सिंह व आयुषी अस्थाना और अभय शाह मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

हरदोई।विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम शुक्लापुर भगत के संविलियन विद्यालय में पुस्तक वितरण समारोह व शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिलग्राम मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशू रहे। उन्होंने गत वर्षो मे उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक की समाज को गठने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वह स्कूल रूपी मन्दिर में देश के भविष्य को तराशने का कार्य करता है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में सेवारत व निर्वतमान शिक्षक उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से छात्रा की मौत, परिवार में मचा कोहराम

सेवता (सीतापुर)। थाना तंबौर क्षेत्र में रेउसा तंबौर मार्ग पर कनकारी गांव के पास प्राथमिक विद्यालय से पढ़कर छुट्टी के बाद पैदल घर वापस जा रही कक्षा दो की छात्रा को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों द्वारा छात्रा को गंभीर हालत में छात्रा रेउसा सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों छात्रा को मृत घोषित कर दिया। घटना तंबौर थाना क्षेत्र के कनकारी गांव निवासी मनीराम मौर्य की सात वर्षीय बेटी शिल्पी मौर्य सुबह सरकारी स्कूल को पढने गयी थी। दोपहर में छुट्टी के बाद वह अपने घर लौट रही थी। तभी रेउसा से तंबौर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने भीषण टक्कर दे दी। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलावस्था में परिजनों द्वारा सीएचसी रेउसा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने छात्रा शिल्पी को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद भाग रही कार को ग्रामीणों ने पकड़कर तंबौर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जब इस बारे में तंबौर थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कार लखनऊ की है और चालक और कार को कब्जे में ले लिया गया कार्यवाही की जा रही है। समाचार भेजे जाने तक शव को पीएम के लिए नहीं भेजा जा सका।

## क्षेत्राधिकारी बोले–अफवाहों पर न दें ध्यान

हरदोई।पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी हरपालपुर विनोद कुमार दुबे ने अरवल थाना क्षेत्र के कई गांवो में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। क्षेत्राधिकारी हरपालपुर विनोद कुमार दुबे नेशाम अरवल थाना क्षेत्र के दहेलिया, श्रीमऊ, चौसार में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि जनपद में बच्चा चोरी की जो अफवाह फैलाई जा रही हैं। उन पर ध्यान न दें। ऐसी अफवाहें फैलाकर लोगों को भयभीत किया जा रहा है।अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या आ रही है तो स्थानीय पुलिस के सरकारी नंबर पर सूचित करें। इस मौके पर अरवल थानाध्यक्ष छोटेलाल दहेलिया ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पति उवैश आलम पम्मी,शमशाद अली आदि मौजूद रहे।

## देसही देवरिया के शिक्षक खुर्शीद को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

देसही देवरिया। परिषदीय शिक्षक खुर्शीद अहमद को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने आयोजित कार्यक्रम में नकद धनराशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। पुरस्कार पाते ही खुर्शीद की खुशियों का ठिकाना न रहा। कहा कि मेहनत रंग लाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होना बड़ी बात है। उनके लिए बहुत ही गर्व का पल है। शिक्षक संगठन ने भी उनको इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उनके लौटने पर सात सितंबर को क्षेत्र में भव्य स्वागत की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। संवाद

## 10 पाउंड का केक काट मनाया शिक्षक दिवस

रामपुर कारखाना। कस्बे के मुख्य मार्ग स्थित एमएसएआरएन स्कूल में 10 पाउंड का केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने केक काटने के बाद बच्चों को शिक्षक दिवस की महत्ता बताई। इस मौके पर शिक्षक सैयद अतहर हुसैन, अनुपमा तिवारी, अख्तर अली, रुस्तम अली, नीलेश यादव, रिजवाना अफरोज, रीता चौरसिया, सुष्मिता साहनी ने बच्चों में मिष्ठान वितरित किया। संवाद

## गुरु ज्ञान की ज्योति हैं, छात्र बाती

बघौचघाट। रवींद्र किशोर शाही राजकीय महाविद्यालय पथरदेवा में दिवस पर विद्यार्थियों की ओर से सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय ने कहा कि बगैर गुरु के व्यक्ति का विकास नहीं हो सकता। जीवन को सरल व सुगम बनाने के लिए हर समय सीखना चाहिए। कार्यक्रम में निधि सिंह, रोशनी शर्मा, निशा यादव, माया, अनामिका सिंह, दीप्ती कुमारी ने भाग लिया। संवाद

## महान दार्शनिक थे डॉ. राधाकृष्णन : सुरेश तिवारी

भाटपाररानी। क्षेत्र के स्कूलों मे . भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। गुरुकुल शिक्षण संस्थान खामपार में विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। मौके पर भाजपा नेता सुरेश तिवारी ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन महान दार्शनिक, शिक्षाविद, प्रखर वक्ता एवं कुशल नेतृत्व कर्ता थे। प्रबंधक नितेश कुशवाहा ने कहा कि उनका कथन था कि जहां कहीं से भी कुछ सीखने को मिले उसे अपने जीवन में उतार लेना चाहिए। प्रधानाचार्य मनोज कुशवाहा ने कहा कि हमारे जीवन में गुरु का बड़ा महत्व होता है। इस दौरान फागू राज कुशवाहा, वशिष्ठ कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, उमेश तिवारी, राधेश्याम कुशवाहा, अर्जुन गुप्ता, श्रवण आर्य, जितेंद्र कुशवाहा, सनी यादव आदि मौजूद रहे। ज्ञान कुंज एकेडमी, सेंट जेवियर्स हाईस्कूल स्कूल, शिवम साइंस एकेडमी में भी आयोजन किया गया।

## बसंतपुर धूसी में गुरुजन सम्मानित किए गए

पथरदेवा। शहीद रामचंद्र इंटर कॉलेज बसंतपुर धूसी में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण दिखाया गया। विद्यार्थियों ने डॉ. राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर चार्ट पेपर व स्केच से बनाए गए उनके चित्र प्रशंसनीय रहे। रंगोली के माध्यम से छात्रों ने अनूठे ढंग से शिक्षक दिवस पर अपनी भावनाएं अभिव्यक्त की। प्रतियोगिताओं में खुशी राव, संध्या कुशवाहा, संजना कुशवाहा, पूजा वर्मा, अस्मिता कुशवाहा,चंदन, धनेश दूबे, रितेश कुशवाहा, अमित, आदि ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ. स्वतंत्र यादव ने गुरुजनों को सम्मानित किया।

## समाज के उत्थान में शिक्षक की महती भूमिका : कवींद्र पांडेय

पड़री बाजार। पड़री बाजार में भारत रत्न व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई। शिक्षक संघ के पूर्व जिला संयोजक कवींद्रनाथ पांडेय ने कहा कि महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन हमेशा समाज के हित के लिए समर्पित रहा। इस दौरान डॉ. विरेंद्र पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, तारकेश्वर पांडेय, संजय सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, रामलाल त्रिपाठी पीजी कॉलेज पिपरा शुक्ल में शिक्षक दिवस मनाया गया। छात्र–छात्राओं ने शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधक डॉ. महेंद्र त्रिपाठी, डॉ. जितेद्र नाथ पांडेय, डॉ. ब्रजेश यादव, डॉ. राजेश वर्मा, सुशील मिश्र, दिव्या त्रिपाठी, ओमप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## जालसाजी के दो आरोपी एक–एक साल से हैं फरार,इनाम घोषित

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोरखपुर। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने जालसाजी के चार आरोपियों



पर मंगलवार को 15–15 हजार का इनाम घोषित किया है। चारो के खिलाफ अलग अलग थाने में केस दर्ज हैं। दो आरोपी एक साल यानी 2021 से ही फरार चल रहे हैं।जानकारी के अनुसार चौरीचौरा में सुरेश कुमार पुत्र नाथूराम निवासी महुअवा के खिलाफ वर्ष 2021 में ध ारा 419,420,467,468,471 दर्ज हुआ था। तभी से वह फरार था। इसी प्रकार वर्ष 2022 में धारा417, 420, 406, 504,506 के आरोप में विनोद सम्राट पुत्र रामकुंवर निवासी रघुनाथपुर पर केस हुआ था। वही 2022 में ही धारा 417, 420,406, 504,506 के आरोप में रत्नेश राय पुत्र सुगन राय निवासी ग्राम नगवाँ प्रेम के खिलाफ और वर्ष 2021 में धारा 419,420, 467, 468,471 में रविन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र वंशीलाल गुप्ता निवासी म0सं0 220 बी सिधारीपुर थाना तिवारीपुर पर केस दर्ज हुआ था। सभी तभी से फरार हैं। मंगलवार को एसएसपी ने सभी पर इनाम घोषित किया है

# चाकू के वार से घायल युवक की मौत

देवरिया। छत पर कपड़ा सुखाने को लेकर हुए विवाद में चाकू के वार से मृत युवक का शव लखनऊ से घर पहुंचा। युवक की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने . सुबह दो आरोपियों को पकड़ कर पिटाई करते हुए कोतवाली में पहुंचाया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग कोतवाली पहुंच गए। जबकि दूसरी तरफ घटना से आक्रोशित परिजन शव को दरवाजे पर रख कर आर्थिक सहायता की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे एसडीएम और सीओ सदर ने मदद का आश्वासन दिया तो परिजन दाह संस्कार के लिए राजी हो गए।

शहर के गरुलपार मोहल्ला निवासी मनोज कन्नौजिया (29) पुत्र स्व. मुन्नी लाल ढोल–नगाड़ा बजा कर परिवार का पालन–पोषण करते थे। शनिवार की सुबह उनकी पत्नी किरन देवी छत पर कपड़ा सुखाने के लिए फैला रही थीं। इसी बीच उनके पट्टीदारी के भाई भीष्म कन्नौजिया से किसी बात को लेकर गाली–गलौज होने लगी। शोर सुनकर मनोज भी पहुंच गए। गाली देने से मना करने लगे तो भीष्म के पुत्र व भतीजे आकाश ने चाकू से मनोज के पेट में दो बार व एक बार सीने पर वार कर दिया। इससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां भी डॉक्टरों ने रात में दो बजे लखनऊ रेफर कर दिया, जहां निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सुबह में उनकी मौत हो गई। लखनऊ में पोस्टमार्टम के बाद देर शाम को शव घर पहुंचा तो पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसर गया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर सीओ श्रीयश त्रिपाठी पहुंच गए। उन्होंने तहरीर देने कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। सुबह दो आरोपियों को परिजनों और आसपास के लोगों ने उनके घर से पकड़ कर पिटाई शुरू कर दी और कोतवाली तक ले गए। इसी बीच किसी ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर काफी संख्या में पहुंची पुलिस ने आरोपियों को भीड़ से अपने हिरासत में ले लिया। इसके बाद परिजन शव का दाह संस्कार करने से मना कर दिए और शव को दरवाजे पर रख कर धरने पर बैठ गए। करीब दस बजे तक हंगामा चलता रहा। एसडीएम सदर सौरभ सिंह और सीओ सिटी ने तत्काल दाह संस्कार के लिए आर्थिक मदद की और अन्य योजना का लाभ दिलाने की बात कही। इसके बाद परिजन शव का दाह संस्कार करने के लिए राजी हो गए। कोतवाल मृत्युंजय सिंह ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ तहरीर मिली है। मुकदमे की कार्रवाई की जा रही है।

अनुष्का ने पूछा मम्मी, पापा कहां गए तो लोगों की आंखों से निकले आंसू: देवरिया। .शाम को शव आने के बाद मनोज के घर पर मोहल्लेवासियों की भीड़ लग गई। पत्नी और तीन पुत्रियों में बड़ी पुत्री ने जब मम्मी से पूछा कि पापा कहां गए। तो इस बात को सुनकर सभी की आंखें नम हो गईं।

## मानक के विपरीत छोटे कोर्ट में सीख रहे हैंडबॉल

देवरिया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में हैंडबॉल कोर्ट के लिए पर्याप्त ग्राउंड भी जिम्मेदार नहीं उपलब्ध करा पा रहे हैं। खेल के लिए मानक 40 बाई 20 के कोर्ट का है। जबकि 30 बाई 20 के कोर्ट में ही प्रशिक्षण शिविर संचालित हो रहा है। कई सीनियर खिलाड़ियों ने इस पर आपत्ति जताते हुए पर्याप्त खेल ग्राउंड उपलब्ध कराने की मांग की है। हालांकि, जिम्मेदारों की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। जिले ने हैंडबॉल खेल में राहुल शुक्ला, प्रवीन सिंह, राबी शुक्ला, अजय मणि त्रिपाठी, अरविंद यादव, नवीन मिश्रा, मंजूला पाठक जैसे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। अब इस खेल में पर्याप्त ग्राउंड भी न मिलना भी इस खेल के कई सीनियर खिलाड़ियों को अखर रहा है। सत्र 2022–23 के प्रशिक्षण सत्र में हैंडबॉल में निर्धारित खिलाड़ियों की संख्या 25 को पार कर 36 का नामांकन हो चुका है। खिलाड़ियों की संख्या अधिक होने से भी अभ्यास में खिलाड़ियों को दिक्कतें पेश आ रही हैं।

पर्याप्त जगह नहीं मिलेगी तो खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पड़ेगा असर

हैंडबॉल के कई सीनियर खिलाड़ियों ने छह माह पूर्व कई बार इस संबंध में खेल अधिकारी का ध्यान दिलाया था। .......अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं यूपी हैंडबॉल सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन संजय राय ने बताया कि हैंडबॉल के लिए 40 बाई 20 का ग्राउंड होना ही चाहिए। जबकि स्टेडियम में इससे कम जगह है। इससे खिलाड़ियों को समुचित प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। जब ये खिलाड़ी कहीं बाहर जाएंगे तो उन्हें मानक वाले ग्राउंड पर खेलना होगा, ऐसी स्थिति में छोटे ग्राउंड पर किए गए अभ्यास से यहां उनका प्रदर्शन प्रभावित रहेगा और ऐसे में बड़े ग्राउंड पर वह व्यवस्थित खेल भी नहीं पाएंगे। इस संबंध में छह माह पूर्व ही पूर्व जिला क्रीड़ाधिकारी रहे केके पांडेय से पर्याप्त जगह उपलब्ध कराने की मांग की गई थी, हालांकि, उनके सेवानिवृत्त होने के बाद यह समस्या अब भी बनी हुई है।

छोटे ग्राउंड पर खिलाड़ियों का अच्छे से अभ्यास नहीं होगाः बैतालपुर निवासी व साई हॉस्टल सैफई के खिलाड़ी अमर मणि त्रिपाठी ने बताया कि छोटे ग्राउंड से खिलाड़ियों की आदत खराब होगी। प्रैक्टिस अच्छे से नहीं हो पाती है। जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। खेलो इंडिया यूथ गेम में यूपी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकीं सलेमपुर निवासी क्षमा पांडेय ने कहा कि मानक वाले ग्राउंड पर ही अभ्यास करने से खिलाड़ी आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

## जीआईसी सहित अन्य विद्यालयों में काटा केक

देवरिया। राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने अपनी कक्षाओं में केट काटा। इस मौके पर विद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रतीक चिह्न व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीआईओएस डॉ. विनोद कुमार राय ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया। इसमें श्रीप्रकाश तिवारी, जगदीश नारायण सिंह, केडी गुप्ता, मथुरा प्रसाद, अर्जुन सिंह, सुदामा सिंह, श्रीचंद्र गोरे, रमाकांत मिश्र, कृष्ण मुरारी शामिल रहे। संचालन गोविंद सिंह ने किया। कस्तूरबा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य विमला राय की देखरेख में रोल प्ले व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विध ायक डॉ. एसपी त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक सभ्य समाज का विश्वकर्मा होता है। पूर्व प्रधानाचार्य श्रवण सिंह, विरेंद्र द्विवेदी को सम्मानित किया गया। कलिंद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य वकील सिंह ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक विद्यार्थी के अंदर उठती जिज्ञासाओं का समाधान करता है। दीनानाथ पांडेय राजकीय महिला पीजी कॉलेज में छात्राओं ने लोकगीत व शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। एमके कान्वेंट न्यू कॉलोनी में प्रबंधक दीपक मौर्य की देखरेख में शिक्षक दिवस मनाया गया। एसएसबीएल इंटर कॉलेज में प्रध ानाचार्य डॉ. अजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय शिक्षक का उत्तरदायित्व है कि वह ज्ञान और कुशलता के साथ–साथ सामाजिक उत्तरदायित्व वाले मनुष्य का निर्माण करें।

## अतिथि भवन निर्माण में देरी की जांच करेगी कमेटी

महराजगंज। जिला पंचायत की ओर से धनेवा–धनेई में निर्मित कराए जा रहे अतिथि भवन में देरी पर नाराजगी जताई। नोडल अधिकारी पी. गुरुप्रसाद ने उसकी जांच के लिए एडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाए। वे .. शाम कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्व के निरीक्षण में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी व ठेकेदार के विरुद्ध भी नाराजगी जताई। उन्होंने तहसील रिकार्ड रूम, सेमरा चंदौली में चौपाल, परतावल में महिला समूहों के गठन, गोसदन मधवलिया को गो–अभ्यारण्य में बदलने की प्रक्रिया, सोनौली में चेकपोस्ट, मेडिकल कालेज की स्थापना, राशन कार्ड व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, ग्रामों में सफाईकर्मी की नियुक्ति आदि के बिंदु पर जानकारी प्राप्त की। यह भी कहा कि जहां कहीं भी कमी हो उसे तुरंत दुरुस्त करा लिया जाए। कमी मिलने पर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई होगी। इस दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, सीएमओ डॉ. नीना वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जूनियर शिक्षक संगठनों ने किया सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित

देवरिया। जिले के स्कूल–कॉलेजों में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राध ाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने के बाद विद्यार्थियों ने अपने प्रिय शिक्षकों को उपहार भेंट किए, वहीं, शिक्षक भी छात्र–छात्राओं के भाव से आनंदित दिखे। कई स्कूलों में सांस्कृ तिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। उधर, जूनियर शिक्षक संघ के दोनों संगठनों की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

नगर पालिका सभागार में उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक की बदौलत ही सभ्य समाज का निर्माण होता है। देश के भविष्य का निर्माण भी इन्हीं के हाथों में होता है। विशिष्ट अतिथि ग्राम्य विकास मंत्री राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि सरकार हर तबके के बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। शिक्षकों की बदौलत ही व्यक्ति ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। समाज के सबसे अग्रणी वर्ग के रूप में इनका योगदान सबसे अधिक होता है।

समारोह को नगर पालिकाध्यक्ष अलका सिंह, प्रो. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, भाजपा नेता जितेंद्र राव ने भी संबोधित किया। जिलाध्यक्ष हेमा त्रिपाठी ने आभार जताया। इस मौके पर राज्य शिक्षक पुरस्कार पाने वाली शिक्षिका मनोरमा द्विवेदी समेत नसीम अहमद, उषा राय, निर्मला दीक्षित, वशिष्ठ सिंह, फजर्लुरहमान, हसमुन निशा, मारकंडेय दूबे, एजाज अहमद, रामकेवल पाल को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतुल शुक्ला, बृजभूषण गोंड, सत्यप्रकाश सिंह, चंद्रशेखर सिंह, देवशरण सिंह, फणींद्र मणि त्रिपाठी, बृजेश द्विवेदी, जयकिशुन, संध्या जोशी, गजानन मिश्र आदि मौजूद रहे।

उधर, टाउनहाल स्थित ऑडिटोरियम में जूनियर शिक्षक संघ के कार्यक्रम में कुल 44 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बीईओ नवनीत चौबे एवं विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने शिक्षकों को शाल ओढ़ाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद सिंह, मंत्री नंदलाल, हेमंत शुक्ला, नरेंद्र सिंह, श्यामदेव यादव आदि मौजूद रहे। युवा एकता मंच की ओर से न्यू कॉलोनी स्थित भगत चौक पर समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर परिचर्चा जिलाध्यक्ष श्वेतांक मणि त्रपिाठी की ओर से आयोजित की गई।

## अनियंत्रित होकर बस बाइक सवार को रौंदते हुए पलटी

दैनिक बुद्ध का संदेश
महराजगंज। गोरखपुर सोनौली एनएच 24 हाइवे पर स्थित पुरन्दरपुर



थाना क्षेत्र के मोहनापुर उत्तरी बाईपास पर रात्रि लगभग 1 बजे अनियंत्रित बस पलट जाने से एक बाइक चालक समेत खलासी की मौत हो गई। जबकी बस में बैठे 12 यात्री घायल हो गए। वही रात्रिगश्त कर रहें उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव हमराहियों संग घटनास्थल पर पहुँचकर मृतक युवक सुनील साहनी पुत्र स्वरू दुख्खी उम्र करीब 22 वर्ष समेत घायलों को बाहर निकाला जिसमें पाँच की हालत गंभीर देखते हुए। सीएचसी लक्ष्मीपुर ईलाज के लिए ले जाते समय रास्ते के खलासी की भी मौत हो गई। अन्य घायलों की हालात को देखते हुए डॉक्टरों ने महराजगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुरंदरपुर सतेंद्र कुमार राय व लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज अंकित कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुँचे। जानकारी के अनुसार मृतक सुनील सहानी निवासी लक्ष्मीनगर जारा कोतवाली सोनौली से अपनी मौसी सहरावती निवासी ग्राम पंचायत गौहरपुर को जा रहा था। वही से रोजी रोटी की तलाश में बाहर जाने वाला था। मगर किस्मत में कुछ और ही लिखा था। मौत की जानकारी मिलते ही मृतक के घर मे के कोहराम मच गया। बाइक चालक सुनील साहनी के शव को कब्जे में लेकर पुरंदरपुर पुलिस विविध कार्यवाही करते हुए। पोस्टमार्टम के लिए महराजगंज भेज दिया है।

## ईस्ट जोन इंटर स्टेट जोनल बैडमिंटन 8 से 11 सितंबर तक लविंस एकेडमी में होगा आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोरखपुर। जनर्लिस्ट प्रेस क्लब सभागार में जिला बैडमिंटन संघ सचिव राजीत श्रीवास्तव व चेयरमैन आयोजन समिति रेमी चंद्रा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि ईस्ट जोन इंटर स्टेट जोनल बैडमिंटन चौंपियनशिप 2022 प्रतियोगिता का आयोजन 8 सितंबर से 11 सितंबर तक लेविंस एकेडमी बैडमिंटन हॉल धर्मपुर में आयोजित होगा उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव खेलकूद नवनीत सहगल समापन समारोह के मुख्य अतिथि यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन चेयरमैनध वाइस उपाध्यक्ष भारतीय बैडमिंटन संघ विराज सागर दास होंगे प्रतियोगिता बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की देखरेख में आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ से संबंध है। उत्तर प्रदेश को 6 सालों के बाद मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जो मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में आयोजित हो रहा है ईस्ट जोन के प्रत्येक प्रदेश के चुने हुए 150 पुरुष व महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश उत्तरांचल झारखंड बिहार उड़ीसा पश्चिम बंगाल की टीमें भाग लेंगी प्रतियोगिता टीम स्पर्धा व्यक्तिगत स्पर्धा में भी आयोजित होंगी विजेता उपविजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय बैडमिंटन चौंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने केरल के अनुभवी रेफरी मेल्विन मिनाय राजस्थान के लोकेश सोनी को डिप्टी रेफरी तथा हिमाचल प्रदेश के विश्वनाथ मनकोटी को मैच कंट्रोलर नियुक्त किया है। प्रतियोगिता के प्रायोजके एस्प्रा सिटी हॉस्पिटल योनेक्स सनराइज डी टी इंटरप्राइजेज रेडियो मंत्रा मीडिया पार्टनर व भारतीय बैडमिंटन संघ होगा।

- **उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव खेलकूद नवनीत सहगल**
- **समापन मुख्य अतिथि चेयरमैन यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन/वॉइस उपाध्यक्ष भारतीय बैडमिंटन संघ विराज सागर दास होंगे**
- **प्रतियोगिता में 150 पुरुष महिला उत्तर प्रदेश उत्तरांचल झारखंड बिहार उड़ीसा पश्चिम बंगाल की टीमों के चुने खिलाड़ी**

# माँ होती है प्रथम शिक्षिका, नारी सशक्त राष्ट्र की बुनियाद बिन्दु सिंह

## ज्योत्सना महिला समिति ने वार्षिकोत्सव "बरसे सपने बूँद–बूँद" का किया भव्य आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोमवार को एनसीएल मुख्यालय में ज्योत्सना महिला समिति ने वार्षिक उत्सव "बरसे सपने बूँद–बूँद" का भव्य आयोजन किया ।आयोजन स्थल को सावन के सौंदर्य, खुुशहाली व हरियाली को ध्यान में रखकर इस तरह से तैयार किया गया था कि सबके मन में पपीहे के गीत, मोर के मदमस्त नृत्य व बरखा की फुहार के भाव व दृश्य जीवंत हो उठे थे । चारों ओर हरियाली, रंग बिरंगे छातों की सजावट , नृत्य करती व झूला झूलती महिलाओं तथा खिले–खिले खेत खलिहानों के दृश्य, सभी को सावन के महीने से जुड़ी उनकी सुनहरी यादों से जोड़ रहे थे । साथ ही, विशेष सजावट वाला झूला व सेल्फी स्थल भी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुये थ। इस अवसर पर एनसीएल परिवार की प्रथम महिला तथा कृति महिला मंडल व ज्योत्सना महिला समिति की अध्यक्षा बिन्दु सिंह बतौर मुख्य अतिथि तथा उपाध्यक्षा सुचंद्रा सिन्हा एवं संजू सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहीं । सभागार में कृति महिला मंडल व ज्योत्सना महिला समिति की सभी सदस्याएँ भी मौजूद थी। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य व विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर कंपनी मुख्यालय के अधिकारी क्लब का सभागार तालियों



की गड़गड़ाहट से गूंज उठा व उनके स्वागत में मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। सभागार में उपस्थित सभी महिलाओं को सम्बोधित करते हुए बिन्दु सिंह ने सबसे पहले शिक्षक दिवस की बधाई दी और कहा कि माँ हम सभी की पहली शिक्षिका होती हैं। वो हमें जन्म देती हैं, पालन–पोषण करती हैं और हमें सही व गलत का संस्कार देकर समाज में जीने योग्य बनाती हैं। इस दौरान बिंदु सिंह ने कार्यक्रम के दौरान नृत्य व संगीत की विभिन्न विधाओं में दी गयी शानदार प्रस्तुतियों, परिसर की सुंदरता एवं भव्यता तथा सभी के जोश व उत्साह को खुूब सराहा और कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्षा सुचंद्रा सिन्हा ने विभिन्न रागों पर आधारित प्रसिद्ध गीत गाकर स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी को श्रद्धांजलि दी और दर्शक दीर्घा में बैठी महिलाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस दौरान उपाध्यक्षा संजू सिन्हा ने सभी को कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए बधाई दी तथा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए सभी प्रतिभागियों की सराहना की। वार्षिकोत्सव "बरसे सपने बूँद–बूँद" के दौरान संगीता सिंह को सावन सुंदरी का ताज मिला और साथ ही, लकी ड्रॉ के माध्यम से महिलाओं को विशिष्ट पुरस्कार भी हासिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नृत्य व गायन की विभिन्न विधाओं में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम के आकर्षण को चार चांद लगा दिये। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों तथा दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था ।'वार्षिक स्मारिका "संकल्प" का हुआ विमोचन' कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण व बाल विकास की थीम पर आधारित कृति महिला मंडल की वार्षिक स्मारिका "संकल्प" के आठवें अंक का विमोचन भी किया जिसमें कृति महिला मंडल के कार्यों व इसकी सदस्याओं की रचनात्मक परस्तुतियों को संजोया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत में ज्योत्सना महिला समिति की सचिव मंजू राठी ने सभी अतिथियों के लिए स्वागत उद्बोधन दिया व कार्यक्रम की समाप्ति पर कोषाध्यक्ष मोना मेहरा ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया। श्वेता बंसल व शिखा राय ने कार्यक्रम का शानदार तरीके से संचालन किया ।

## ग्राम रोजगार सेवकों का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिल सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रभात सिंह चन्देल की अगुवाई में जिलाधिकारी



चन्द्र विजय सिंह से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित दस सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा इस दौरान ग्राम रोजगार सेवकों ने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 4 अक्टूबर 2021 को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में आयोजित मनरेगा महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा था कि ग्राम रोजगार सेवकों को रिक्त ग्राम पंचायतों में समायोजित करने, कोविड के अतिरिक्त आकस्मिक दुर्घटना से मृत्यु होने पर आश्रित को सेवा में समायोजित करने, राज्य वित्त समेत अन्य निधियों के मजदूरी का भुगतान भारत सरकार के गाइडलाइन के अनुसार करने, कर्मचारियों के ईपीएफ कटौती की धनराशि यूएएन खाते में भेजने, अनुमोदन से विरक्त ग्राम रोजगार सेवकों का अनुमोदन करवाते हुए ग्राम पंचायतों में योगदान सुनिश्चित करने, ग्राम रोजगार सेवकों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, पूर्व के वित्तीय वर्षों में बकाया मानदेय का भुगतान किए जाने, बिल वाउचर मस्टररोल व डिमांड पर अनिवार्य रूप से ग्राम रोजगार सेवकों का हस्ताक्षर कराने तथा प्रत्येक माह व प्रदेश स्तर पर मनरेगा कर्मियों के समस्याओं का निस्तारण किये जाने के साथ ही एचआर पालिसी व नियमावली बनाई जाएगी। आगे यह भी कहा कि पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद भी विभागीय अधिकारियों के उदाशीनता के कारण उक्त आदेश अब तक जारी नही किया गया जिससे सरकार के छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और मनरेगा कर्मियों में भारी असन्तोष व निराशा व्याप्त है। प्रतिनिधि मण्डल में प्रमुख रूप से दिवाकर तिवारी, सुनील कुमार सिंह, सुरेश कुमार, रोहित सिंह, मोहर लाल, श्याम मोहन पाण्डेय, चन्दमणि यादव, बाबूलाल, सुरेश, गौतम, नंदलाल, सतीश चौबे, अयोध्या प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहें।

## युनिसेफ के सहयोग से जागरूकता बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। यूनिसेफ के सहयोग से सोनभद्र में नई पहल शिक्षा परियोजना – बाल



संरक्षण परियोजना के तहत रॉबर्ट्सगंज छपका ब्लॉक स्तरीय बाल संरक्षण समिति एसएमसी एवं पंचायत को सक्रिय एवं सशक्त बनाने हेतु जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे चाइल्ड वेलफेयर कमिटी से अमित चंदेल उपस्थित रहे। एक्शनएड नई पहल परियोजना से जिला समन्वयक निशा कुरैशी के द्वारा बाल संरक्षण समिति– विद्यालय प्रबंधन समिति– सक्रिय एवं सशक्त बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की एवं शिक्षा के महत्त्व व बिंदुवार विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें बाल संरक्षण समिति के दायित्व व कर्तब्य करने हेतु चर्चा की तथा शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 एस.एम.सी.के अधिकार दायित्व, भूमिका कर्तव्य को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा लोगो को ऑउट ऑफ स्कूल बच्चो कामकाजी बच्चे, दिव्यांग बच्चों, शिक्षा से वंचित परिवारों के बच्चों के चिन्हित करने व उनके नामांकन मे सहयोग करने के लिए लोगों से अपील की ।अपने अपने मोहल्लों के बच्चों का चिन्हांकन कर पड़ोस के स्कूल में चिन्हित उन सभी बच्चों का आयु वर्ग के अनुसार कक्षा में नामांकन कराने हेतु एवं स्कूल में बैक टू स्कूल अभियान के अंतर्गत स्कूल में नामांकित सभी बच्चों एवं अभिभावकों अपने अपने मोहल्ले के सभी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें ताकि उन सभी बच्चों की प्राथमिक शिक्षा पूरी हो सके तथा स्कूल नामांकित सभी बच्चों का कैसे ठहराव सुनिश्चित करें साथ ही बाल विवाह –बाल तस्करी– बाल श्रमिकों बच्चों – शारीरिक एवं मानसिक का रूप से दिव्यांग बच्चों को कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उनको सरकारी योजना से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल कराने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा कर लोगों को जागरुक किया गया। वार्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर एक्शनएड द्वारा बनाए गए किशोरी समूह के उद्देश्यों व कार्यो के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत बच्चों एवं अभिभावकों लाभान्वित कराने हेतु विस्तृत जानकारी दी एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण योजना को लेकर विस्तारपूर्वक लोगों को जानकारी दी। जैसे की बाल श्रमिक विद्या योजना, कन्या सुमंगला योजना, संत रविदास छात्रवृत्ति योजना एकल महिला पेंशन योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसी क्रम में एक्शन एड इंडिया के द्वारा चलाया जा रहा आओ मिलकर स्कॉलरशिप पाएं अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया बाल कल्याण अधिकारी अमित सिंह चंदेल जी के द्वारा बाल संरक्षण पर लोगों की समझ विकसित की। इसी क्रम मं एक्शन एड ब्लॉक समन्वयक कमलेश कुमार के द्वारा अवगत कराया गया की बच्चों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर पूरा ध्यान देते हुए उन्हें घर पर अथवा समाज में उपेक्षा शोषण दुर्व्यवहार हिंसा तथा अन्य जोखिम से सुरक्षित रखने की आप सभी लोगो की जिम्मेदारी है। एक्शन एक नई पहल परियोजना से सहायक जिला समन्वयक मोहसिन खान व चाइल्ड प्रोटेक्शन से कमलेश कुमार द्वारा सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई कार्यक्रम में प्रतिभागियों में कई ग्राम प्रधान ,सीपीसी के सदस्य,प्रेरकों, अभिभावको, समुदाय के लोगों ने प्रतिभाग किया।

## कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में विजेता रही इमिलिहा की टीम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार। सोहास में खेलेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया के तहत छब्बू प्रसाद मेमोरियल कन्या इंटर कालेज के प्रांगण में कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में इमिलिहा की टीम विजयी



हुए ।जिससे विजेता टीम को ट्राफी, मेडल,घड़ी और 5हजार रुपये पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।उप विजेता टीम छब्बू प्रसाद मेमोरियल कन्या इंटर कालेज की टीम को भी ट्राफी,शील्ड,घड़ी, मेडल और दो हजार पांच सौ रुपये देकर तथा तीसरे स्थान पर रही कौलपुर ग्रांट की टीम कोप्लेट देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे। क्षेत्र के छब्बू प्रसाद मेमोरियल कन्या इंटर कालेज सोहास जनूबी के प्रांगण में खेलेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया के तहत कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्लाक प्रमुख सुरेश चौहान विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य दयाराम लोधी,क्षेत्र पंचायत सदस्य सोहास दरमियानी धर्मबीर सिंह,अखंड प्रताप सिंह, सुनील यादव, डॉ फरीद अहमद सल्फी ने फीता काट कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। जिसमें बारी बारी कर ऊँचाहरिया, बंजरहा, इमिलिहा,कौलपुर, तेनुहवा,बर्रोहिया,फुलवरिया, निबिहवा आदि टीमें एक दुसरे के साथ खेला ।लोगों के खेल का उत्साह वर्धन दर्शकों द्वारा किया जा रहा था ।लेकिन फाइनल में इमिलिहा और ऊँचाहरिया के बीच हुआ ।जिसमें इमिलिहा की टीम ने जीत दर्ज किया ।विजयी टीम को ट्राफी,मेडल,घड़ी और 5 हजार रुपये पुरस्कार देकर मुख्यातिथि और प्रधानाध्यापक प्रियंका वर्मा ने सम्मानित किया गया। उप विजेता टीम ऊँचाहरिया को ट्राफी,शील्ड,मेडल,घड़ी और दो हजार पांच सौ रुपये सांत्वना पुरस्कार देकर हौशिला अफजाई किया। तथा तीसरे स्थान रही कौलपुर कि टीम को प्लेट देकर उत्साह वर्धन किया गया ।इस समापन समारोह के अवसर पर अवसर पर रजय श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान सुरेंद्र गुप्ता, प्रेमचंद, जाकिर हुसैन, राम समझ,राधेश्याम, फिरोज, रोशन विल्डिंग मैटेरियल, ब्रह्मानन्द गुप्ता, अनुपम वर्मा,रजत वर्मा, राघवेंद्र वर्मा, निर्मला देवी,प्रबंधक डॉ रामा नन्द वर्मा गुड्डू हाशिमी,शैलेंद्र वर्मा, उमेश प्रजापति, प्रिया वर्मा, पूजा कुमारी, नवी हुसैन, अजय कुमार, रोशन,राजू वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।प्रधानाचार्य प्रियंका वर्मा ने सभी को आभार व्यक्त किया ।निर्णायक अनुपम रहे। प्रतियोगिता में कमेंट्री नवी मोहम्मद उस्मान ने अपने खुशमिजाज अंदाज में किया।


## बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

## शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

उन्नाव। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद उन्नाव के जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे के नेतृत्व में अनेकों विकासखंड के अध्यक्ष पदाधिकारी व शिक्षकों के साथ शिक्षिका लक्ष्मी के साथ हुए अन्याय के संबंध में श्रीमान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव से मिलकर वार्ता कर ज्ञापन दिया गया। शिक्षिका लक्ष्मी ने पूरे घटनाक्रम को विस्तार पूर्वक संगठन के पदाधिकारियों के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बताया। जिस पर बीएसए ने शिक्षिका लक्ष्मी को 15 दिन में जॉच कर बहाल करने का आश्वासन संगठन को दिया। ज्ञापन देने में महामंत्री गजेंद्र वर्मा शिक्षिका लक्ष्मी सरोसी ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप असोहा ब्लाक अध्यक्ष, संदीप, मदन कुमार पांडे, राम प्रता, फूल चन्द्र, राम करण मौर्य, राम बाबू, धर्मपाल सिंह, श्यामू चौरसिया व अन्य पदाधिकारी व शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## सवर्ण आर्मी के महासचिव का घोरावल क्षेत्र में हुआ स्वागत



दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम् सिंह आज मिर्जापुर से घोरावल होते हुए सोनभद्र पहुंचे। रास्ते में घोरावल बार्डर पर पेड़ मोड़ पर सवर्ण आर्मी जनपद सोनभद्र के जिला संयोजक सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी जिला महासचीव राजू चौबे में माल्यार्पण कर स्वागत किया। घोरावल से सोनभद्र के बीच केवली में भी स्वागत सवर्ण समाज के लोगों ने किया। सवर्ण समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम् सिंह ने कहा कि सवर्ण समाज आज राजनीति में सबसे निचले पावदान पर है। सवर्ण समाज सबसे ज्यादा उपेक्षित है एससी एसटी एक्ट के कारण सवर्ण समाज दहसत मे रहा है। फर्जी तरीके से फसा के धन उगाही का धंधा है। हर वर्ग में गरीब है सवर्ण समाज के लोग रिक्शा चला रहे मनरेगा में मजदूरी कर रहे हैं। उन्हे वह लाभ नहीं मिल रहा है जो अन्य वर्ग को मिल रहा है। सभी सरकारी लाभ जाति के नाम पर न होकर आर्थिक आधार पर हो ।आरक्षण सवर्ण समाज के लिए कलंक है इस कलंक को संगठित होकर ही समाप्त कराया जा सकता है। सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय लगातार सवर्ण समाज को संगठित करने के लिए हर जिले में जा रहे हैं। आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय सवर्ण समाज के लिए एक अवसर है हमे संगठित होकर एससी एसटी एक्ट जातिगत को समाप्त किया जाय। सवर्ण समाज को जगाना होगा अपनी लड़ाई खुद लड़े आप की लड़ाई कोई दुसरा नही लड़ेगा। राजनीतिक दल से उम्मीद नहीं करनी चाहिए सभी राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीत कर रहे हैं। सभी सवर्ण समाज के लोग से कहना चाहता हू कि कल सोनभद्र में सवर्ण समाज की बैठक में सभी लोग आए अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय का स्वागत अभिनंदन करे।यह जानकारी राजू चौबे ने दिया।

# संतरे को कहा जाता है सुपरफूड, सेवन से मिलते हैं ये गजब के फायदे, दूर होगी कई बीमारियां

फलों का सेवन करना सेहत के लिए फायदेमंद रहता है जिसमें से एक हैं संतरा जिसे सुपरफूड कहा जाता है। विटामिन सी से भरपूर संतरे में विटामिन ए, विटामिन बी, आयोडीन, कैल्शियम और मिनरल्स जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत को फायदा पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में हर व्यक्ति को सुबह के नाश्ते में एक संतरा जरूर शामिल करना चाहिए। अपनी डाइट में सिर्फ एक संतरा शामिल करने से आपको कई फायदे मिलते हैं। संतरा सेहत से लेकर त्वचा तक सभी के लिए फायदेमंद है। हम आपको इसके बारे में बताने जा रहे हैं कि किस तरह संतरे का सेवन सेहत को फायदे पहुंचाता हैं। आइये जानते हैं इसके फायदों के बारे में...

इम्यूनिटी बूस्ट होती है

रोग प्रतिरक्षा प्रणाली हमारे शरीर को बीमार और कमजोर करने वाले बैक्टीरिया और वायरस से बचाती है। यहां संतरा आपकी मदद कर सकता है, क्योंकि संतरा विटामिन सी जैसे जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने का काम करता है। रोजाना संतरा खाने से शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है। इससे सर्दी जुकाम और अन्य संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। संतरे में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है जिससे शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

कैंसर से बचावः विटामिन सी से भरपूर संतरे में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट और लाइमोनिन गुण मुक्त कणों के नुकसान से कोशिकाओं की रक्षा करते हैं। लाइमोनिन हमारे शरीर में लगभग 8–10 घंटे तक सक्रिय रह सकता है, जो कैंसर कोशिकाओं को फैलने से रोकता है। संतरे का नियमित सेवन त्वचा, छाती, फेफड़ों, मुंह, पेट आदि के कैंसर को रोकने में मदद करता है। संतरा खाने से गैस्ट्रिक अल्सर को रोकने में भी मदद मिलती है। संतरे में मौजूद पेक्टिन फाइबर कैंसर से श्लेष्मा झिल्ली की रक्षा करता है।



दिल के मरीजों के लिए है फायदेमंद

इसके अलावा संतरे में ऐसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर और रक्तचाप को कम करने में मदद करते हैं। संतरा फाइबर और पेक्टिन से भी भरपूर है जो कि शरीर के वसा के अवशोषण को धीमा करते हैं, जिससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। संतरे में पाया जाने वाला मिनरल मैग्नीशियम भी रक्त वाहिकाओं को लचीला बनाए रखने में मदद करता है। यह दिल के मरीजों के लिए फायदेमंद है।

पथरी को बढने से रोके

संतरे में पाया जाने वाला सिट्रिक एसिड मूत्र विकारों और गुर्दे के रोगों को दूर करने में मदद करता है। नियमित रूप से संतरे का सेवन करने से यूरिन के जरिए सिट्रिक एसिड के उत्सर्जन से श्पीएच बैलेंसश्च के स्तर में सुधार होता है, जिसकी वजह से गुर्दे से कैल्शियम को बाहर निकालने में मदद मिलती है और गुर्दे की पथरी के विकास का जोखिम कम हो जाता है।

ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद

बीपी के मरीजों को रोजाना संतरे का सेवन करना चाहिए। संतरे में फ्लेवोनोइड्स व पेक्टिन जैसे आवश्यक तत्व पाए जाते हैं, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक हो सकते हैं। संतरे का सेवन करने से ब्लड प्रेशर का स्तर कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

एनीमिया

संतरे के अंदर आयरन और विटामिन सी की अच्छी मात्रा होती है। संतरे का सेवन आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को दूर करने में सहायक हो सकता है। दरअसल, संतरा में आयरन की कम मात्रा होती है लेकिन विटामिन सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है और विटामिन सी शरीर में आयरन के अवशोषण को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। ऐसे में इस स्थिति में संतरे के सेवन से एनीमिया की समस्या से बचाव हो सकता है।

दिमाग होता है मजबूत

संतरे में विटामिन सी होता है। सुबह अपने नाश्ते में सिर्फ एक संतरा शामिल करने से व्यक्ति की इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है। संतरा में बैक्टीरिया और वायरल संक्रमण से लडने की शक्ति होती है। संतरे से वाइट ब्लड सेल्स को बढने में मदद मिलती हैं। सुबह नाश्ते में एक संतरा खाने से दिमाग का विकास होता है और याददाश्त मजबूत होती है। संतरे में पाए जाने वाले फ्लेवोनॉयड एंटीऑक्सिडेंट्स हिप्पोकैम्पस दिमाग की नसों को मजबूत करते हैं।

गठिया में फायदेमंद

गठिया के मरीजों के लिए संतरे का सेवन फायदेमंद होता है। यह शरीर में मौजूद यूरिक एसिड को कम करने में मदद करता है। रोजाना संतरे का सेवन करने से जोड़ों में सूजन और गठिया के रोग से राहत मिलती है।

कोलेस्ट्रॉल करे कम

संतरा शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है क्योंकि इसमें फाइबर होता है। साथ ही इसमें पाया जाने वाला श्पॉलीमेथॉक्सिलेटेड फ्लेवोनोइड्सश्च कोलेस्ट्रॉल को ज्यादा प्रभावी तरीके से कम करता है। माना जाता है कि संतरे का यह गुण कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाली दवाओं से भी ज्यादा असरदार होता है।

प्रसव पीड़ा करे कमः गर्भावस्था में वैसे तो हर प्रकार का फल लाभदायक ही होता है, पपीते को छोड़कर। वहीं, विटामिन सी से भरपूर संतरा खाने से शिशु के साथ ही मां की आंखें व त्वचा स्वस्थ रहती हैं। इससे दांतों को लाभ मिलता है। गर्भावस्था के दौरान महिला के दांत कमजोर हो जाते हैं, लेकिन संतरे का सेवन उन्हें कमजोर होने से बचाता है। इन सभी से बढ़कर संतरे के सेवन से प्रसव पीड़ा में आराम मिलता है। जी हां, गर्भावस्था के दौरान नियमित संतरे का सेवन करने वाली महिलाओं को अपेक्षाकृत कम पीड़ा का सामना करना पड़ता है।

## खुद को चुनौती देने से बहुत कुछ हासिल हो सकता है : वरलक्ष्मी सरथकुमार

चार महीने के कम समय में अतिरिक्त वजन घटा कर फिट हुई अभिनेत्री वरलक्ष्मी सरथकुमार का कहना है कि खुद को चुनौती देने से बहुत कुछ हासिल हो सकता है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह दुबली और



फिट नजर आ रही थीं। उन्होंने लिखा, संघर्ष वास्तविक है .. चुनौती वास्तविक है .. लेकिन कुछ भी आपको वह हासिल करने से नहीं रोक सकता जो आप चाहते हैं।कोई भी आपको नहीं बता सकता कि आप कौन हैं या आपको क्या बनना है। अपने आप को चुनौती दें। अपने आप से प्रतिस्पर्धा करें और आप जो पाएंगे आप वो सोच भी नहीं सकते है।चार महीने की कड़ी मेहनत और इसके लिए मुझे यही दिखाना है। जो कुछ भी आपको खुश करता है वह करें। दूसरों को खुश करने के लिए चीजें न करें। किसी को यह न बताएं कि आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। आत्मविश्वास है आपका एकमात्र हथियार !! खुद पर विश्वास करो।अभिनय के मोर्चे पर, वरलक्ष्मी यशोदा में दिखाई देंगी, जहां अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। फिल्म, जो एक साइंस फिक्शन थ्रिलर है, का निर्देशन हरि–हरीश ने किया है। वह सबरी और एनबीके107 में भी नजर आएंगी।






## भूल भुलैया 2 पर बनी कॉमिक्स रूह बाबा की भूल भुलैया, कार्तिक ने शेयर किया पोस्टर



इस साल आई फिल्म भूल भुलैया 2 कार्तिक आर्यन के करियर के लिए बेहद अहम साबित हुई। फिल्म की सफलता ने कार्तिक को न सिर्फ दर्शकों का बल्कि फिल्म निर्माताओं का भी चहेता बना दिया है। फिल्म में कार्तिक से साथ कियारा आडवाणी और तब्बू मुख्य भूमिका में नजर आए थे। सिनेमाघरों में सफल होने के बाद अब यह फिल्म बच्चों की कॉमिक्स के रूप में आ गई है। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर इसका पोस्टर शेयर किया। भूल भुलैया 2 की कहानी अब कॉमिक्स के रूप में बच्चों के लिए उपलब्ध है। इस कॉमिक्स का नाम है, रूह बाबा की भूल भुलैया। इस कॉमिक्स के पोस्टर में रूह बाबा बीचोबीच नजर आ रहे हैं। उनके ऊपर फिल्म की मशहूर चुड़ैल मंजूलिका बनी हुई है। पोस्टर के साथ कैप्शन में कार्तिक ने लिखा कि यह कॉमिक्स उनके नन्हें प्रशंसकों को समर्पित है। इसे चर्चित प्रकाशन कंपनी डायमंड कॉमिक्स ने तैयार किया है। डायमंड कॉमिक्स भारत की सबसे लोकप्रिय कॉमिक्स प्रकाशन कंपनी है। यह कंपनी चाचा चौधरी, बिल्लू, पिंकी, मोटू–पतलू जैसे चर्चित कॉमिक किरदार बच्चों के लिए बना चुकी है। भूल भुलैया 2 20 मई को रिलीज हुई थी। फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन करीब 230 करोड़ रुपये का रहा। सिनेमाघरों के बाद फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज की गई। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बाज्मी ने किया है। भूल भुलैया 2 2007 की कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया का सीच्ल है। ऑरिजनल फिल्म में अक्षय कुमार और विद्या बालन के अलावा अमीषा पटेल, परेश रावल और राजपाल दिखे थे। अब फिल्म के तीसरे भाग की भी चर्चा है। फिल्मों की बात करें तो कार्तिक की सत्यप्रेम की कथा इन दिनों चर्चा में है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है। फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी दिखेंगी। कार्तिक की फिल्म शहजादा अगले साल वैलेंटाइन्स वीक में रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ कृति सैनन नजर आएंगी। कार्तिक ने हंसल मेहता की फिल्म कैप्टन इंडिया भी साइन की है। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज के बारे में कोई अपडेट नहीं आया है।

## ब्लैक फेम एक्ट्रेस आयशा कपूर हरि–ओम से करेंगी लीड डेब्यू

संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक में रानी मुखर्जी का



छोटा किरदार निभाने वाली अभिनेत्री आयशा कपूर आगामी फिल्म हरि–ओम से बॉलीवुड में मुख्य भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 28 वर्षीय अभिनेत्री, जो न्यूयॉर्क में कोलंबिया में पढने गई थी, कुलविंदर बख्शीश (भाषा के कोच जिन्होंने आमिर खान को पंजाबी में लाल सिंह चड्ढा के लिए प्रशिक्षित किया था) के साथ लगभग 6 महीने से अपने हिंदी डिक्शन पर काम कर रही है।

वह फिल्म के अभिनेता अंशुमन झा के साथ वर्कशॉप भी करती रही हैं। इसके अतिरिक्त, फिल्म में रघुबीर यादव, सोनी राजदान, आयशा कपूर और मनु ऋषि चड्ढा जैसे दिग्गज कलाकार भी हैं। आयशा इतनी दमदार कास्ट के साथ काम करने के अपने उत्साह को रोक नहीं पा रही है। उन्होंने कहा, इस फिल्म में मैंने रघुबीर यादव सर और सोनी राजदान मैम जैसे प्रसिद्ध अभिनेताओं के साथ काम किया है। अंशुमन के साथ काम करना काफी अच्छा है। मैं वास्तव में उनके अभिनय और उनके द्वारा चुने गए स्क्रिप्ट विकल्पों की प्रशंसा करती हूं। मध्य प्रदेश में शूटिंग के लिए उत्सुक हूं।हरि–ओम की शूटिंग इसी महीने भोपाल में शुरू होगी और दिसंबर में फाइनल शेड्यूल के साथ खत्म होगा।

# बिना मशीन के करना हैं बालों को स्ट्रेट, आजमाकर देखें ये 7 घरेलू उपाय

आज के समय में बाल फैशन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। विभिन्न हेयर स्टाइल की मदद से आप अपने लुक को आकर्षक दिखा सकती हैं। हांलाकि ज्यादातार महिलाएं अपने लुक के लिए बालों को स्ट्रेट रखना ही पसंद करती हैं। कुछ महिलाओं के बाल कुदरती स्ट्रेट होते हैं, लेकिन जिनके नहीं होते हैं वह पार्लर में हेयर स्ट्रेटनिंग पर हजारों रूपए खर्च कर देती हैं या फिर मशीन का इस्तेमाल करती हैं जो बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में जितना हो सकते कुदरती चीजों का ही इस्तेमाल करना चाहिए। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनके इस्तेमाल से बिना मशीन के बालों को स्ट्रेट किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

ऑयल मसाज ट्रीटमेंट

गुनगुने तेल से मालिश करके भी आप अपने कर्ली बालों को सीधा कर सकती हैं। दरअसल, गर्म तेल बालों के ऐंठन को कम करने में मदद करता है। मसाज के लिए आप नारियल तेल, ऑलिव ऑयल या बादाम तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। पहले तेल को हल्का गर्म कर लें। फिर स्कैल्प और पूरे बालों पर तेल लगाकर हल्के हाथों से 15–20 मिनट तक मसाज करें। पूरे बालों में कंघी करें। जड़ से नीचे की ओर कंघी कर लेने से बाल सुलझ जाते हैं और शैंपू के दौरान बाल भी कम टूटते हैं। अब गुनगुने पानी में भिगोया हुआ तौलिया बालों पर बांध लें। तौलिए की भाप से तेल बालों की जड़ तक पहुंचेगा। आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो लें। धोने के बाद जब बाल थोड़े गीले हों तभी मोटे दांत वाली कंघी से उसे धीरे–धीरे सुलझा लें।

मिल्क स्प्रेः आप साधारण गाय के दूध या भैंस के दूध ा से भी बालों को स्ट्रेट कर सकती हैं। आप चाहें तो कोकोनट मिल्क का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। कोकोनट मिल्क एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल होता है। यह त्वचा के लिए तो अच्छा होता ही है साथ ही बालों के लिए भी बहुत अच्छा होता है। मगर, आपको कोकोनट ऑयल न मिले तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं आप साधार दूध से भी बालों को स्प्रे करते हुए उसे स्ट्रेट कर सकती हैं। आप अगर ऐसा रोज करेंगी तो कुछ ही दिनों में आपके बाल स्ट्रेट हो जाएंगे

कोकोनट मिल्क और कॉर्न स्टार्च जेल

इसे बनाने के लिए एक बाउल में 3 चम्मच कॉर्न स्टार्च लें और इसमें 1 कप कोकोनट



मिल्क, 4 चम्मच नींबू का रस और 2 चम्मच ऑलिव ऑयल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इस चम्मच से तब तक मिलाएं जब तक कि स्मूद पेस्ट न बन जाएं। आपके जेल तैयार है। इसे आजमाने के लिए बालों को धोकर सुखा लें। फिर यह जेल स्कैल्प और पूरे बालों की लंबाई पर लगाएं। इसके बाद बालों को शावर कैप से कवर से ढंक लें और गर्म पानी से भीगे तौलिए को इसके ऊपर लपेटकर एक से डेढ़ घंटे तक रखें। इसके बाद बालों को पहले पानी से ध ोएं फिर माइल्ड शैंपू और कंडिशनर लगाएं। एक बार इस्तेमाल के बाद ही आपको अपने बालों में फर्क नजर आ जाएगा।

एलोवेरा का करें इस्तेमाल

एलोवेरा आपको बहुत ही आसानी से बाजारों में मिल जाएगा। आपको इसका जैल बालों में लगाना है। आपको बता दें कि एलोवेरा में बहुत सारे एंजाइम होते हैं इनकी मदद से बालों की ग्रोथ अच्छी हो जाती है। इतना ही नहीं बालों को मुलायम और चमकदार बनाने के लिए भी एलोवेरा जैल बहुत अच्छा विकल्प है। अगर आपको अपने बालों को नैचुरली स्ट्रेट करना है तो आपको अपने बालों में एलोवेरा जैल के साथ ऑलिव ऑयल और चंदन के तेल की कुछ बूंदें मिलानी होंगी। इस मिश्रण को आप बालों पर लगाएं और 2 घंटे बाद बालों को शैंपू कर लें। ऐसा अगर आप हफ्ते में 2 बार करेंगी तो कुछ दिनों में आपके बाल स्ट्रेट हो जाएंगे।

मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल

चेहरे को निखारने वाली मुल्तानी मिट्टी बालों को सीधा करने में भी बहुत मददगार है। यह नेचुरल स्ट्रेटनर का काम करता है। साथ ही यह कुदरती क्लींजिंग एजेंट भी है। इस्तेमाल के लिए मुल्तानी मिट्टी में अंडे की सफेदी, एक चम्मच चावल का आटा और पानी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इस मिश्रण को बालों में ऊपर से नीचे की ओर लगाएं। और फिर मोटे दांत वाली कंघी से बालों को सुलझा लें। एक घंटे बाद बालों पर दूध ा का स्प्रे कर लें। फिर 15 मिनट बाद शैंपू से बाल धो लें।

दूध और शहद

इसके लिए आपको द कप दूध और 2 बड़े चम्मच शहद की जरूरत होगी। दूध और शहद को तब तक मिलाएं जब तक ये अच्छी तरह से मिक्स न हो जाएं। इस मिश्रण को अपने बालों पर लगाएं। लगभग 2 घंटे के लिए मिश्रण को लगा रहने दें। इसके बाद अपने बालों को ठंडे पानी और माइल्ड सल्फेट–फ्री शैम्पू से धोएं। आजमाते ही आपको फर्क दिखने लगेगा।

ऑलिव ऑयल–एग हेयर पैक

बालों को स्ट्रेट करने के साथ ही इस नुस्खे से बालों में चमक भी आती है। हेयर एक्सपर्ट्स भी अंडे को बालों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद मानते हैं। इस पैक को बनाने के लिए दो अंडे को किसी बर्तन में फोड़ लें और इसमें जरूरत के हिसाब से ऑलिव ऑयल डालकर अच्छी तरह फेंट लें। इस मिश्रण को स्कैल्प और बालों पर लगाकर मोटे दांत वाली कंघी से बालों को सुलझा लें। इससे मिश्रण पूरे बालों में अच्छी तरह से लग जाएगा। अब गुनगुने पानी में तौलिया डुबोकर बालों पर बांध लें। थोड़ी देर बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो लें। फिर थोड़े गीले बालों में ही कंघी कर लें।